# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, सोमवार 6 अक्टूबर 2025






**SHOWROOMS: CHHATTISGARH:** RENAULT **BILASPUR** Ph: 8448989103. RENAULT **AMBIKAPUR** Ph: 8448989107. RENAULT **BHILAI** Ph: 7290017807. RENAULT **DHAMTARI** Ph: 7838724613. RENAULT **JAGDALPUR** Ph: 7428297117. RENAULT **KORBA** Ph: 9319184879. RENAULT **RAIPUR** Ph: 7290017983. RENAULT **RAJNANDGAON** Ph: 7428438931.

# दशहरा में आमंत्रित मावली माता के छत्र व सैकड़ों देवी देवताओं को ससम्मान विदाई

**ऐतिहासिक बस्तर दशहरा की अंतिम रस्म मावली माता की विदाई से पूर्व रविवार को बस्तर संभाग समेत प्रदेश व पड़ोसी राज्यों से आमंत्रित देवी व देवताओं को ससम्मान विदाई दी गई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विदाई से पूर्व गंगामुण्डा स्थित कुटुबंजात्रा मंडप के सामने मावली माता दंतेवाड़ा व दंतेश्वरी मंदिर के छत्र के साथ ही दशहरा में शामिल होने आए सैकड़ों की संख्या में देवी देवताओं की मौजूदगी में माटी पुजारी महाराजा कमलचन्द्र भंजदेव द्वारा दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी प्रेमलाल पाढ़ी की मौजूदगी में पूजा अर्चना की गई।

परम्परानुसार कुटुम्बजात्रा में आमंत्रित देवी देवताओं को विदाई दी जाती है। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी कुटुम्ब जात्रा में देवी-देवताओं के अलावा प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष, ज्ञात अज्ञात जितने भी देवी-देवता शामिल हुए उन्हें इस अवसर पर ससम्मान विधिवत पूजा-अर्चना कर सामर्थ्य के अनुसार बलि दिया गया।

## कुटुंबजात्रा में माटी पुजारी ने कि मावली माता व दंतेश्वरी माईं के छत्र की विशेष पूजा अर्चना



### राज्य व देश की सुख, समृद्धि की कामना की

रियासतकाल से ही आमंत्रित देवी-देवताओं को गंगामुण्डा स्थित मण्डप में कुटुम्ब जात्रा आयोजित करने एकत्र किया जाता है। इसे गंगामुण्डा जात्रा के नाम से भी जाना जाता है। पर्व के दौरान अनजाने में हुई गल्तियों के लिए क्षमा मांगते हुए राज्य व देश की सुख, समृद्धि की कामना की जाती है। कुटुम्बजात्रा पूजा के दौरान माटी पुजारी महाराजा कमलचन्द्र भंजदेव द्वारा मावली माता दंतेवाड़ा व दंतेश्वरी मार्इं जगदलपुर के छत्र की आरती उतारकर पूजा अर्चना की गई।

### मावलीमाता के छत्र की विदाई और मानता की बलि-महाराजा

कुटुम्बजात्रा में मौजूद महाराजा कमलचंद भंजदेव ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि कुटुंब मतलब पूरा परिवार माईं दंतेश्वरी के साथ जितने असख्य देवी देवता जो यहां मौजूद हैं। माईंजी का छत्र जो दंतेवाड़ा से यहां उपस्थित हुए माता की आज विदाई है। इसके अलावा यहां जिनकी मनोकामना पूरी हो जाती है। इसके बाद वे इसी दिन मान्नता पूरी करने आते हैं। देवी देवताओं को बलि देकर माता को अर्पित किया जाता है। आज ही के दिन दंतेवाड़ा से आए छत्र की विदाई दी जाती है।



### मंगलवार को होगी मावलीमाता की विदाई

रविवार को गंगामुण्डा महात्मागांधी स्कूल परिसर स्थित मण्डप में आमंत्रित देवी देवताओं की पूजा अर्चना के बाद तहसील कार्यालय में ससम्मान पूजा सामग्री व रूसुम दी गई। इस दौरान आंगादेव, पाढ़देव, भैरमदेव, लाटदेव समेत सैकड़ों देवी देवताओं की विदाई दी गई। मंगलवार को सबसे अंत में मावली माता कि विदाई होगी। परम्परानुसार सभी देवी देवताओं की विदाई के बाद शनिवार या मंगलवार को मावली माता की विदाई होती है। इस वर्ष भी मंगलवार को मावलीमाता कि विदाई होगी। मावली माता के छत्र की विदाई के बाद उन्हें जिया डेरा में अलग से विराजित किया गया। वहीं माता की डोली राजमहल में विराजमान गई। वहीं मंगलवार को दोनों की जिस तरह स्वागत किया गया था उसी तरह ससम्मान भव्यता के साथ विदाई दी जाएगी।

---

## खबर संक्षेप

### मंत्री गुरु खुशवंत की नई टीम, जितेंद्र बने विशेष सहायक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब की निजी स्थापना में नई कार्यसंरचना को स्वीकृति प्रदान की है। शासन द्वारा तीन अधिकारियों की पदस्थापना संबंधी आदेश जारी किए गए हैं। राज्य शासन द्वारा जारी आदेशानुसार जितेंद्र कुमार साहू, संयुक्त आयुक्त, विकास आयुक्त कार्यालय, नवा रायपुर अटल नगर को विशेष सहायक के रूप में पदस्थ किया गया है। वे मंत्री श्री गुरु खुशवंत साहेब की नीतिगत, प्रशासनिक एवं विभागीय गतिविधियों में प्रमुख भूमिका निभाएंगे। इसी क्रम में यशवंत टंडन, पंचायत सचिव, जनपद पंचायत आरंग (जिला रायपुर) को मंत्री गुरु खुशवंत साहेब की निजी स्थापना में निज सचिव के पद पर पदस्थ किया गया है। श्री टंडन अब मंत्री के दैनिक कार्यक्रमों, बैठकों और विभागीय समन्वय कार्यों की सीधी निगरानी एवं संचालन करेंगे। इसके अलावा सबेरा शर्मा, सहायक प्रबंधक (खाद्य शाखा), कलेक्टर कार्यालय मुंगेली को मंत्री की निजी स्थापना में निज सहायक के रूप में पदस्थ किया गया है। वे पत्राचार, फाइल प्रबंधन और दफ्तरी कार्यों के समन्वय की जिम्मेदारी निभाएंगे।

### ट्रक का चक्का चेक कर रहा था चालक पीछे से आ रहे वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**फरसगांव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे 30 जुगानीकलार के पास ट्रक के चक्के को चेक कर रहे चालक को पीछे से आ रहे आयसर वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक चालक की मौके पर मौत हो गई। फरसगांव थाना पुलिस मर्ग कायम कर अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार मृतक ट्रक चालक अनिल कुमार पटेल पिता स्व मोहन पटेल ट्रक क्रमांक सीजी 18 एच 2009 में लोहा गिट्टी लेकर रायपुर गया था। रायपुर से गिट्टी खाली कर ट्रक लेकर वापस बचेली आ रहा था। तभी शनिवार की रात करीब 1 बजे नेशनल हाईवे 30 जुगानीकलार के पास वह ट्रक को रोड किनारे खड़ा किया। ट्रक को खड़ा करके पीछे टायर को चेक कर रहा था। उसी समय रायपुर से जगदलपुर की ओर आ रही आयसर ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीक्यों 3855 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन को चलाते हुए रोड किनारे खड़े अनिल कुमार पटेल को ठोकर मारकर दी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।

### सूने मकान में चोरों का धावा, कैश-जेवर किए पार

**रायपुर।** सेजबहार थाने में अज्ञात चोर एक महिला के घर में धावा बोलकर घर के अंदर रखे कीमती जेवर तथा नकदी चोरी कर ले गए। महिला के पड़ोसियों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। डूंडा, मिलन विहार कालोनी निवासी आरती श्रीवास्तव की पड़ोसी महेश्वरी साहू ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। महेश्वरी ने पुलिस को बताया कि आरती अपने मकान की देखरेख करने घर की चाबी छोड़कर परिवार सहित जबलपुर गई हैं। शनिवार को घर के पीछे की तरफ का दरवाजा टूटा हुआ दिखने पर महेश्वरी अपनी एक अन्य पड़ोसी महिला के साथ आरती के घर गई तो उसने देखा कि अज्ञात चोर घर में रखे कीमती सामान सहित नकदी चोरी कर ले गया है।

---

## रायपुर सहित कुछ जिलों में दावा-आपत्ति का निराकरण नहीं

# दुर्ग, बिलासपुर, समेत 21 जिलों में अब बनेंगी 500 नई सोसाइटियां, दावा-आपत्तियां निराकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसाइटियों की पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत राज्य के 21 जिलों में यह प्रक्रिया पूरी हो गई है। जानकारों के मुताबिक, इन जिलों में करीब 500 नई सोसाइटियां अस्तित्व में आ जाएंगी। इन सोसाइटियों के संचालन से राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था में सुधार होने की संभावना है।

### ये है मामला

खास खबर

राज्य में मौजूदा भाजपा सरकार ने प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसाइटियों के पुनर्गठन की योजना बनाई थी। अप्रैल 2025 में इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई थी। जिन जिलों में दावा-आपत्तियों का निराकरण हो गया है, वहां सोसाइटियों को अधिसूचित किया गया है। फिलहाल राज्य के 33 जिलों में से 21 के लिए यह काम पूरा हो गया है। इससे पहले पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय पुनर्गठन किया गया था। उस समय सोसाइटियों की संख्या 1333 जो बाद में बढ़कर 2058 हो गई। नए पुनर्गठन में यह संख्या 500 या उससे अधिक बढ़ने की संभावना है।

### पिछले साल अगस्त में बनी योजना अब आई धरातल पर




### इन जिलों में नई सोसाइटियां

राज्य के जिन जिलों में सोसाइटियों का पुनर्गठन हो चुका है, उनमें धमतरी, दुर्ग, बालोद, कोरबा, रायगढ़, सारंगढ़-बिलाईगढ़, कोंडागांव, नारायणपुर, गरियाबंद, बलौदाबाजार-भाटापारा, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, सुकमा, सूरजपुर, कोरिया, जशपुर, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, सक्ती, कांकेर, बीजापुर और बलरामपुर शामिल हैं। बताया गया है कि बाकी बचे जिलों में दावा-आपत्ति का निराकरण होने के बाद नई सोसाइटियों को अधिसूचित किया जाएगा।

### मजबूत होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था

जानकारों के अनुसार, गांवों में सहकारी सोसाइटियों के बनने से गांवों की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। साथ ही राज्य के विभिन्न गांवों में नवीन सहकारी समितियों के गठन से अब किसानों को अपने गांव में ही किसानों को कृषि ऋण के साथ खाद-बीज लेने, माइक्रो-एटीएम से राशि आहरण की सुविधा मिलेगी। इस नवीन पैक्स में कॉमन सर्विस सेंटर, जनऔषधि केंद्र तथा किसान समृद्धि केंद्र का संचालन किया जाएगा। इससे प्रदेश के किसानों को उनके ग्राम में ही आवश्यक सभी सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी।

### सोसाइटियों के लिए ये है कार्ययोजना

छत्तीसगढ़ में नवीन बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी तथा मत्स्य समितियों के गठन की कार्ययोजना बनाई गई, जिसे कार्यरूप में परिणीत करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दिशा-निर्देश पर राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ में 532 नवीन पैक्स सोसाइटी के गठन की अधिसूचना 4 अप्रैल 2025 को जारी की गई थी। इससे पहले केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रायपुर में 'सहकार से समृद्धि' विषय पर ली गई पहली बैठक 25 अगस्त 2024 में छत्तीसगढ़ में पैक्स की संख्या बढ़ाने तथा पैक्स की पहुंच गांव-गांव तक ले जाने की मंशा बताई थी।

---

## कलेक्टर-एसपी कांफ्रेंस का मुख्य एजेंडा होगा गुड गवर्नेंस

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 12 से 14 अक्टूबर तक रायपुर में कलेक्टर-एसपी की बैठक लेंगे। इस बैठक का मुख्य एजेंडा गुड गर्वनेंस रखा गया है। सरकार की मंशा है कि इस बैठक के जरिए विकास योजनाओं की प्रगति, कानून-व्यवस्था की स्थिति और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा हो। कलेक्टर, एसपी और डीएफओ की संयुक्त मौजूदगी से यह तय किया जा सकेगा कि जमीनी स्तर पर योजनाएं किस तरह से लागू हो रही हैं। इससे न केवल प्रशासनिक कार्यों की गति तेज होगी, बल्कि जनता का विश्वास भी मजबूत होगा। बैठक में विभागीय तालमेल को प्राथमिकता दी जा रही है, इससे शासन व्यवस्था में पारदर्शिता भी बढ़ेगी। बैठक में वन विभाग के अधिकारी, विशेषकर सभी डिविजनों के डीएफओ (वन मंडलाधिकारी) भी शामिल होंगे। यह पहली बार होगा जब कलेक्टर-एसपी की बैठक में डीएफओ को औपचारिक रूप से शामिल किया जा रहा है। बैठक उद्देश्य प्रशासनिक और विकास कार्यों में बेहतर समन्वय स्थापित करना है।



- तीन चरणों में 12 से 14 के बीच कलेक्टर, एसपी और डीएफओं की मौजूदगी में होगी

### तीन चरणों में होगी

यह तीन चरणों में होगी, पहले चरण में 12 अक्टूबर को कलेक्टरों की बैठक आयोजित होगी। 13 अक्टूबर को कलेक्टरों के साथ एसपी और डीएफओ भी शामिल रहेंगे। इसके बाद 14 अक्टूबर को राज्य स्तरीय सुशासन शिखर सम्मेलन होगा, जिसमें मुख्यमंत्री सुशासन के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन देंगे। सम्मेलन से उम्मीद है कि प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूती मिलेगी।

---

## सेना के शौर्य से नक्सलमुक्त हो रहा छग जशपुर और बस्तर में भी करेंगे पदयात्रा

### बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री मीडिया से रूबरू

हरिभूमि न्यूज : रायपुर



अमीर आदमी गरीब को सपोर्ट नहीं कर रहा है। सनातन की यह बड़ी कमजोरी है। जातियों और ऊंच-नीच की बातों में उलझाकर जो सनातनियों को बरगला रहे हैं, मैं उन्हीं से लड़ाई को लड़ रहा हूं,क्योंकि हिंदू-हिंदू भाई-भाई हैं। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं.धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि सेना के शौर्य के आगे नक्सली परास्त हो रहे और छत्तीसगढ़ नक्सलमुक्त हो रहा है। उन्होंने भविष्य में अनुमति मिलने पर जशपुर और बस्तर में यथास्थिति कथा-प्रवचन करने या फिर हिंदुत्व की अलख जगाने की मंशा जाहिर की। हिंदुत्व और गोमाता की सुरक्षा पर बेबाकी से रविवार को मारुति मंगल भवन में पत्रकारवार्ता में उन्होंने जवाब दिए। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर ने गोमाता की सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मौतों को लेकर कहा कि रोकथाम के लिए यहां क्या कानून है, इस संदर्भ में ज्यादा पता नहीं। सुझाव देते हुए कहा कि हर तहसील स्तर पर 5000-5000 क्षमता वाले गोधाम बना दिए जाएं तो गोमाता ही नहीं, इनकी वजह से सड़क पर होने वाले हादसों से दोनों सुरक्षित हो जाएंगे। चार तहसीलों से शुरुआत करेंगे तो गोमाता भी सुरक्षित रहेगी। गोधाम में उनके रहने और चारा-पानी की व्यवस्था करें, ताकि किसी प्रकार से उन्हें तकलीफ न होने पाए। यूपी में जारी बुलडोजर की कार्रवाई पर बोले, इससे विचार कायम नहीं किया जा सकता है, मगर अधर्म करने और आतंक फैलाने वालों को रोकने का यह भी एक रास्ता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है, इसके लिए संघ को शुभकामना देता हूं। संघ ने विचारधारा को बचाने का काम किया है। उनके द्वारा चलाई जा रही विचारधारा ने देश में एक नए आंदोलन का रूप लिया है।

### जब अनुमति मिलेगी, कथा या पदयात्रा करने जाएंगे

पं. शास्त्री ने आगे कहा कि 5 से 8 अक्टूबर के बीच कथास्थल से जो लोग चाहते हैं, वे अपने धर्म में वापस लौट सकते हैं। जशपुर और बस्तर में पदयात्रा के सवाल पर कहा, मैंने शासन से कहा है कि जशपुर में एक बार कथा की अनुमति दी जाए, लेकिन अभी तक स्थिति स्पष्ट नहीं है। जब भी अनुमति मिलेगी, वहां कथा या पदयात्रा करने जाएंगे। जशपुर और बस्तर में अगर गुरु की कृपा रही तो वहां कथा या पदयात्रा करूंगा। रायपुर में दो दिन दिव्य दरबार लगेगा। सोमवार को दिव्य दरबार दोपहर 12 से 2 बजे तक लगेगा और कथा 3.30 से 6.30 बजे तक होगी। 7 से 16 नवंबर तक दिल्ली से वृंदावन तक होने वाली पदयात्रा के लिए धर्मानुरागियों को न्योता देते हुए अभी से तैयारी शुरू करने की बात पं. शास्त्री ने कही।

### इसके लिए राज्य सरकार को विचार करना चाहिए

कुछ पढ़े लिखे हिंदू, बच्चों को रामचरित मानस और गीता का पाठ नहीं कराते हैं। देश और हिंदुत्व को बचाने हर भारतवासी को हर दिन तीन घंटे की ट्यूशन लेनी चाहिए। इससे बच्चों में अपनी संस्कृति का बोध उत्पन्न होगा और उनके संस्कार भी सुधरेंगे। इसके लिए राज्य सरकार को विचार करना चाहिए। अगर हिंदुत्व को मानती है तो उन बच्चों को प्रोत्साहित भी किया जाए। भूत-प्रेत को लेकर कहा कि पिछले दिनों उन्होंने 8 देशों की यात्रा की और दुष्ट शक्तियों को दूर करने के लिए ऑक्सपोर्ड यूनिवर्सिटी ने इस पर एक चैप्टर शुरू किया है। जो धर्मांतरित हो गए हैं, ऐसे लोगों के लिए बागेश्वर धाम का खुला मंच है।

---

### विंटर शेड्यूल माहांत से रायपुर को इस बार भी निराश न कर दें विमानन कंपनियां

**रायपुर।** अक्टूबर अंत से अगले पांच माह के लिए लागू होने वाले विंटर शेड्यूल में विमानन कंपनियां राजधानी रायपुर को निराश ना कर दें..। नए शहरों के लिए पर्याप्त संख्या में यात्री मिलने की संभावनाओं पर ट्रैवल्स कारोबारियों ने एयर लाइंस कंपनियों को अपनी सिफारिश भेजी है। इसमें जयपुर की सीधी फ्लाइट के साथ पटना, गुवाहाटी की सीधी फ्लाइट की मांग शामिल है। विमानन कंपनियों ने कई बड़े शहरों से सीधी उड़ान सेवा शुरू करने की घोषणा करना शुरू कर दी है। ट्रैवल्स कारोबारियों का कहना है कि अक्टूबर के तीसरे और चौथे सप्ताह में दीपावली है। इस दौरान काफी संख्या में व्यावसायिक और पारिवारिक कारणों से लोगों की आवाजाही होती है।

---

**एलओसी में होती है छात्रों की बुनियादी जानकारी व उनके द्वारा चुने गए विषय**

## दोबारा खुला पोर्टल, स्कूल 8 अक्टूबर तक भेज सकेंगे लिस्ट ऑफ कैंडिडेट्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए उम्मीदवारों की सूची (एलओसी) जमा करने पोर्टल फिर से खोल दिया है। ऐसे में जो इससे जो प्रारंभिक पंजीकरण की समय सीमा से चूक गए थे वे अब पंजीकर कर सकते हैं। चालान के माध्यम से विलंब शुल्क के साथ आवेदन 8 अक्टूबर तक स्वीकार किए जाएंगे, जबकि अन्य भुगतान विधियां 11 अक्टूबर तक खुली रहेंगी। इस संबंध में एक आधिकारिक नोटिस जारी किया गया है। जारी किए गए नोटिस में सीबीएसई ने कहा है कि यह विस्तार स्कूलों के लिए अंतिम अवसर है। इसका पालन न करने पर छात्र 2026 की बोर्ड परीक्षाओं के लिए अयोग्य हो जाएंगे। सीबीएसई ने कहा, सभी प्रधानाचार्य जिन्होंने अभी तक अपना एलओसी जमा नहीं किया है, उन्हें यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाते हैं कि उनके संबंधित स्कूलों के लिए एलओसी पूरा हो जाए और निर्धारित समय सीमा के भीतर विलंब शुल्क के साथ जमा कर दिया जाए।




### समय सीमा और विलंब शुल्क

मूल रूप से, पोर्टल 30 सितंबर तक बिना विलंब शुल्क के खुला था। बार-बार याद दिलाने के बावजूद कुछ स्कूलों द्वारा यह समय सीमा चूक जाने के कारण बोर्ड ने विलंब शुल्क विकल्प के साथ पोर्टल को फिर से खोल दिया है। 11 अक्टूबर के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। विद्यालय प्रमुख 8 अक्टूबर तक चालान के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। अन्य भुगतान विधियां 11 अक्टूबर तक उपलब्ध हैं। बोर्ड ने स्पष्ट कर दिया है कि आगे कोई विस्तार नहीं किया जाएगा। सीबीएसई की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों के लिए एलओसी में रजिस्टर्ड होना जरूरी है, जिसमें छात्रों की बुनियादी जानकारी और उनके द्वारा चुने गए विषय शामिल होते हैं। केवल एलओसी रजिस्टर्ड छात्र ही परीक्षा दे पाएंगे।

---

## ठाकरे परिसर में आज से फिर लगेगा मंत्री का दरबार

# सालभर बाद फिर लगेगा मंत्रियों का दरबार टंकराम आज सुनेंगे कार्यकर्ताओं की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप




प्रदेश भाजपा सरकार के मंत्री एक बार फिर से कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनेंगे। करीब एक साल बाद यह सहयोग केंद्र सोमवार से प्रारंभ हो रहा है। पहले दिन प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा समस्याएं सुनेंगे। दूसरे दिन स्कूली शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और उनकी समस्याओं का निराकरण करेंगे।

प्रदेश में एक बार फिर से भाजपा की सरकार बनने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने प्रदेश सरकार और संगठन को कार्यकर्ताओं को महत्व देने की बात कही थी। इसके बाद ही प्रदेश सरकार ने कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बीते साल कार्यकर्ताओं और उनके क्षेत्र के आमजनों की समस्याएं सुनने के लिए सहयोग केंद्र प्रारंभ किया था। इस सहयोग केंद्र में रोज एक मंत्री बैठ रहे थे और समस्याएं सुनने के बाद ज्यादातर छोटी समस्याओं का तत्काल निराकरण भी कर रहे थे।

### सालभर से बंद है सहयोग केंद्र

बीते साल सहयोग केंद्र प्रारंभ करने के बाद यह अगस्त तक चलता रहा, इसके बाद सितंबर में भाजपा के सदस्यता अभियान के बाद से ही यह बंद हो गया। पहले भाजपा का सदस्यता अभियान चला, इसके बाद भाजपा का संगठन चुनाव और फिर नगरीय निकाय के बाद पंचायत चुनाव होने के कारण यह सहयोग केंद्र प्रारंभ नहीं हो सका। अब जबकि सारे काम निपट चुके हैं तो एक बार फिर से सहयोग केंद्र को प्रारंभ किया जा रहा है। इसको प्रारंभ करने की लगातार मांग हो रही थी।

### कब कौन मंत्री रहेंगे

सोमवार से सहयोग केंद्र प्रारंभ हो रहा है। पहले दिन प्रदेश के राजस्व और उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा दोपहर 2 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक समस्याएं सुनेंगे। इसके पहले 1 से 2 बजे तक पंजीयन होगा। दूसरे दिन पहली बार मंत्री बने स्कूली शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव समस्याओं का निराकरण करेंगे। इसके बाद बुधवार को वन और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, गुरुवार को पहली बार मंत्री बने तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब और शुक्रवार को खाद्य मंत्री दयालदास बघेल कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनेंगे।

आनंद का सच्चा भाव®
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹85112/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹103950/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹113472/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
anand Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, सोमवार 6 अक्टूबर 2025


नेशनल हाईवे के आसपास नजर आ रहे हाथी

# मैनपुर इलाके में 22 हाथियों का दल, 200 एकड़ की फसल तबाह, जान बचाने मकानों की छत पर ताना तंबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

हरिभूमि सरोकार

गरियाबंद जिले के अंतर्गत आने वाले मैनपुर विकासखण्ड में इन दिनों हाथियों ने एक बार फिर से उत्पात मचाया है। हालत यह है कि अब यहां के लोग अपनी जान बचाने के लिए छतों पर छोटे-छोटे तंबू और मचान बनाकर रहने लगे हैं। इस वन्य प्राणी ने कच्चे मकानों को तोड़ने के साथ ही साथ करीब 200 एकड़ से ज्यादा की फसलों को नुकसान पहुंचा दिया है। जानकारी के अनुसार इलाके में पिछले करीब 10 से 12 वर्षों से हाथियों के दल ने अपना ठिकाना बनाया हुआ है। बीते एक माह से मैनपुर वन परिक्षेत्र के ग्राम छिन्दौला, लूठापारा, धोबीपारा, दबनई, फरसरा, लेडीबहार, गिरहोला, सिंहार, जिडार, बोडापाला, बेगरपाला, धवलपुर, तुपेंगा, जरण्डी के आसपास 22 से 25 हाथियों का दल अपना स्थानीय ठिकाना बना लिया है। यह हाथियों का दल दिनभर नेशनल हाईवे 130 सी मैनपुर गरियाबंद मार्ग के किनारे जंगल में डेरा डाले हुए हैं, तो शाम होते ही ▶▶|शेष पेज 4 पर



### क्या कहते हैं अफसर

वन विभाग के एसडीओ मनोज चन्द्राकर ने बताया कि हाथी प्रभावित ग्रामों में लगातार विभाग के अधिकारी/कर्मचारी एवं हाथी मित्रदल पहुंचकर लोगों को सूचना दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि फसल मुआवजा भी किसानों को प्रदान किया जा रहा है।








### प्रधानमंत्री आवास के ऊपर मचान पर रहने की मजबूरी

हाथी प्रभावित क्षेत्र में अभी भी दर्जनों प्रधानमंत्री आवास अधूरे पडे हुए हैं। ऐसे में जिन ग्रामीणों के पास प्रधानमंत्री पक्का आवास नहीं है, ऐसे लोगों को आज भी दूसरे के प्रधानमंत्री आवास के उपर छत में मचान बनाकर और पॉलीथिन लगाकर रात बिताना पड़ रहा है। भारी बारिश में छोटे छोटे बच्चों के साथ ग्रामीण मचान में रात बिता रहे हैं।

### एक माह से मैनपुर के आसपास डाला है डेरा

मैनपुर वन परिक्षेत्र में पिछले एक माह से हाथियों का दल इन ग्रामों में डेरा डाल दिया है। जिसके कारण ग्रामीणों की सैकड़ों एकड़ फसल बर्बाद हो चुकी है। दर्जनों झोपड़ी और कच्चे मकानों को हाथियों ने तोड़कर तहस-नहस कर दिया है। हाथियों का दल कई भागों में बंट गया है और किसी भी समय मुख्य मार्ग गांव जाने वाले मार्ग के साथ नेशनल हाईवे में पहुंच रहा है।

## चुनाव आयोग ने कहा- बिहार चुनाव जल्द, देशभर में होंगे कई बदलाव

# बूथ पर अब 1200 से अधिक वोटर नहीं प्रत्याशियों की फोटो होगी कलरफुल

एजेंसी ▶▶| पटना

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को पटना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बिहार चुनाव को छठ महापर्व की तरह, लोकतंत्र के महापर्व के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने भोजपुरी और मैथिली में मतदाताओं को संबोधित करते हुए आभार व्यक्त किया और लोकतंत्र के प्रति सहयोग के लिए बधाई दी। कुमार ने यह भी कहा कि आगामी चुनाव में लागू की जाने वाली 17 नई पहलें न केवल बिहार बल्कि पूरे देश के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होंगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि बिहार ने वैशाली से लोकतंत्र को जन्म दिया है और अब बिहार से ही चुनाव सुधार की नयी दिशा देश को मिलेगी। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत अपात्र मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं, जबकि योग्य मतदाता नामांकन की समाप्ति से दस दिन पहले तक फॉर्म-6 या फॉर्म-7 भरकर अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।

बिहार विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को खत्म हो रहा है। इससे पहले चुनाव संपन्न हो जाएंगे। चुनाव आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि बिहार में जल्द चुनाव होंगे। आयोग ने नई पहल शुरू की है, वह अब पूरे देश भर में भी लागू होंगी। देश में किसी भी बूथ पर अब 1200 से अधिक वोटर नहीं होंगे। ईवीएम में प्रत्याशियों की कलरफुल फोटो होगी।

### आधार कार्ड जरूरी नहीं पर स्वीकार्य

चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने आधार कार्ड को लेकर भी एक जरूरी जानकारी साझा की है। उन्होंने कहा कि वैसे तो आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं है, लेकिन स्वीकार्य है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार आधार पहचान का माध्यम है, न कि नागरिकता का प्रमाण है. इसलिए इसे मांगा जरूर जाएगा, लेकिन वैकल्पिक रहेगा. इसलिए इसे लेकर लोगों में पैनिक नहीं होना चाहिए।




### छठ पूजा से जोड़ा मतदान का महत्व

चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने प्रेसवार्ता की शुरुआत बिहारी अंदाज में शुरू की थी। ज्ञानेश कुमार ने बिहारी अंदाज में लोगों को प्रणाम करते हुए भोजपुरी में लोगों से की अपील की। उन्होंने कहा कि जैसे छठ पूजा मनाते हैं, वैसे ही मतदान को भी त्योहार की तरह मनाएं। उन्होंने सभी लोगों से चुनाव में बढ़-चढ़कर वोटिंग करने की अपील की है।

### बूथ लेवल अधिकारियों को पहली बार दी ट्रेनिंग

ज्ञानेश कुमार ने एक विशेष जानकारी दी है। उनका दावा है कि पहली बार पूरे देश के 700 बूथ लेवल एजेंट्स और 90,217 बीएलओ को विशेष रूप से दिल्ली में ट्रेनिंग दी गई, ताकि चुनाव निष्पक्ष व पारदर्शी हो। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि इस प्रक्रिया को पहली बार बिहार चुनाव में अपनाया जा रहा है। इससे राजनीतिक दल के प्रतिनिधि भी सहमत हैं. प्रतिनिधियों को इस जानकारी से अवगत कराया गया है।

### एसआईआर में सुधार, अब पूरे देश में कराएंगे

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि 24 जून 2025 से मतदाता सूची के मतदाता सूची सुधार शुरू हुआ था। कई राउंड के बाद इसे तय पर पूरा कर लिया गया है। इसके बाद भी जिनके नाम छूटे थे, उन्हें 1 अगस्त से 1 सितंबर तक आपत्ति दर्ज करने का मौका भी दिया गया। इस बीच काफी नाम जोड़े गए हैं। कई वोटरों की आपत्ति आई थी जिसे समय रहते हुए पूरा कर सूची से जोड़ दिया गया है। वहीं उन्होंने कहा कि अब एसआईआर को पूरे देश में कराया जाएगा।

### हर बूथ पर होगा मॉक पोल, एजेंट रहें मौजूद

चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि बिहार चुनाव में हर बूथ पर मॉक पोल अनिवार्य होगा। इसे लेकर सभी पार्टियों से एक विशेष अपील की गई है। उनसे कहा गया है कि अपने पोलिंग एजेंट जरूर तैनात करें, जो मॉक पोल अपनी मौजूदगी में देखें, ताकि उन्हें भी पता रहे कि चुनाव निष्पक्ष व पारदर्शी हो रहा है। इलेक्शन कमीशन कितनी ईमानदारी से अपना काम कर रहा है।

### बिहार चुनाव में क्या नया होगा?

- किसी भी बूथ में 1200 से ज्यादा मतदाता नहीं होंगे
- ईवीएम के आखिरी दो राउंड की गणना से पहले बैलेट पेपर की गणना पूरी होगी
- हर पोलिंग स्टेशन से 100 फीसदी वेबकास्टिंग होगी
- ईवीएम में हर उम्मीदवार की रंगीन फोटो होगी। नाम बड़े अक्षर में होंगे।
- अब से नए नतदाताओं को 15 दिन में वोटर कार्ड मिलेंगे।

## घटना के बाद आरोपी ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार

# चिल्फी नेशनल हाईवे पर बोलेरो और ट्रक भिड़े, पांच की मौत, चार घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

सड़क दुर्घटनाओं के लिहाज से बेहद संवेदनशील माने जाने वाले चिल्फी थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 स्थित ग्राम अकलघरिया के पास एक बार फिर भीषण सड़क हादसा सामने आया है। जिसमें एक बोलेरो वाहन और ट्रक की आमने सामने से भिड़ंत हो गई। हादसे में बोलेरो वाहन में सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल बताए जा रहे हैं। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। वहीं घटना के बाद से आरोपी ट्रक चालक मौके पर ट्रक छोड़कर फरार हो गया। चिल्फी पुलिस मृतकों और घायलों की जानकारी जुटाने और फरार चालक की पतासाजी में जुटी है।

जानकारी के अनुसार रविवार की शाम करीब 5.00 बजे बोलेरो वाहन में सवार होकर करीब 9 लोग मध्यप्रदेश के कान्हा से घूमकर चिल्फीघाटी होते हुए बिलासपुर जा रहे थे। इसी दौरान चिल्फी थाना क्षेत्रांतर्गत ▶▶|शेष पेज 4 पर

### हताहतों की पहचान में जुटी पुलिस

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी मृतकों के शव व घायलों को दुर्घटना ग्रस्त बोलेरो वाहन से निकालकर उन्हें अस्पताल पहुंचाया। वहीं दूसरी तरफ घटना के बाद आरोपी चालक मौके पर ट्रक को छोड़कर फरार हो गया। हालांकि अभी तक मृतकों और घायलों की पहचान सामने नहीं आ पाई है। पुलिस उनकी पहचान जुटाने और आरोपी फरार चालक को तलाशने में जुटी है।



### बिलासपुर जा रहे थे बोलेरो सवार

प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक बोलेरो वाहन सवार संभवतः कोलकता के रहने वाले है और कान्हा नेशनल पार्क घूमने के बाद वे वापस ट्रेन रूट से कोलकता लौटने के लिए बिलासपुर जा रहे थे, लेकिन इसी दौरान चिल्फी थाना क्षेत्र के ग्राम अकलघरिया के पास उनकी बोलेरो वाहन दुर्घटना का शिकार हो गई।

## खबर संक्षेप

### कंटेनर और ट्रक की टक्कर में 4 की मौत

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में एक कंटेनर और ट्रक के बीच हुई भीषण टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। सिकंदरा थाना क्षेत्र स्थित मथुरा-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर रुनकता के पास आगरा से मथुरा की ओर जा रहे एक कंटेनर और सामने से आ रहे ट्रक के बीच भीषण टक्कर हो गई जिससे कंटेनर चालक विजेंद्र और रीमा समेत चार की मौत हो गई।

### पूर्व मंत्री के घर हमला चार के खिलाफ चार्जशीट

**नई दिल्ली।** एनआईए ने पंजाब के पूर्व मंत्री मनोरंजन कालिया के जालंधर स्थित घर पर ग्रेनेड हमले में संलिप्तता के आरोप में खालिस्तान समर्थकों समेत चार लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किए हैं। आरोपपत्र में दो गिरफ्तार आरोपियों - उत्तर प्रदेश के अमरोहा निवासी सैदुल अमीन और हरियाणा के कुरुक्षेत्र निवासी अभिजोत जांगड़ा तथा दो फरार आरोपियों के नाम शामिल हैं।

### भारत माता पर गलत टिप्पणी, गिरफ्तार

**विदिशा।** मध्यप्रदेश के विदिशा जिले में कथित तौर पर भारत माता के अपमान के आरोप में असद खान जिलानी नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। जिले के सिरोंज निवासी जिलानी ने फेसबुक पर एक पोस्ट में भारत माता को कथित तौर पर 'डायन' कहा था, जिसके बाद उसके खिलाफ मामला दर्ज कर यह कार्रवाई की गई।

# रेत की होगी ऑनलाइन नीलामी, पोर्टल लांच माइनिंग क्षेत्र में कई एमओयू




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में माइनिंग और नीलामी के क्षेत्र में साय सरकार ने कई पहल की है। रविवार को छत्तीसगढ़ माइनिंग कॉन्क्लेव-2025 में सीएम विष्णुदेव साय ने रेत खदानों को पारदर्शी बनाने वाला रिवर्स ऑक्शन पोर्टल लांच कर दिया है। उन्होंने खनिज ऑनलाइन 2.0 और डीएमएफ पोर्टल भी शुरू किया। यहां कई एमओयू भी हुए। इस अवसर पर श्री साय ने कहा, छत्तीसगढ़ प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध राज्य है। यहां लौह अयस्क, कोयला, बॉक्साइट, सोना, हीरा और कॉपर जैसे बहुमूल्य खनिज प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। हाल की खोजों से राज्य क्रिटिकल और दुर्लभ खनिजों के क्षेत्र में और सशक्त हुआ है। यहां अपार संभावनाएं हैं।

नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ माइनिंग कॉन्क्लेव के दौरान आईएसएम धनबाद और छत्तीसगढ़ भौमिकी एवं खनन संचालनालय, तथा कोल इंडिया और छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के मध्य ▶▶|शेष पेज 4 पर

### खनन से राजस्व और रोजगार दोनों बढ़े : सौरभ

*छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह ने कहा, प्रदेश सरकार माइनिंग क्षेत्र में उल्लेखनीय और नवाचारी कार्य कर रही है। खनन से राजस्व और रोजगार दोनों बढ़े हैं तथा सरकार युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण देकर कुशल मानव संसाधन तैयार कर रही है। राज्य में अब टिन से निकलने वाले स्लज से दो नए तत्वों का उत्पादन शुरू हुआ है। साथ ही* ▶▶|शेष पेज 4 पर

### खदान संचालकों को किया सम्मानित

मुख्यमंत्री श्री साय ने खदान संचालकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई दी. इनमें 3 खदानों को 5 स्टार, 32 खदानों को 4 स्टार और 8 खदानों को 3 स्टार अवॉर्ड दिए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, एसईसीएल बिलासपुर के मुख्य महाप्रबंधक हरीश दुहन तथा खनिज एवं उद्योग क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## न्यायिक जांच के आदेश तक जेल में रहने को तैयार

# वांगचुक ने कहा-गांधीवादी तरीके से संघर्ष जारी रखें

**लेह।** जेल में बंद कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने लद्दाख के लोगों से शांति और एकता बनाए रखने तथा राज्य का दर्जा एवं संविधान की छठी अनुसूची के तहत सुरक्षा उपायों के लिए जारी संघर्ष गांधीवादी तरीके से जारी रखने की अपील की है। यह जानकारी वांगचुक के वकील ने रविवार को दी। वांगचुक ने यह संदेश 'लेह एपेक्स बॉडी' के कानूनी सलाहकार हाजी मुस्तफा के माध्यम से दिया, जिन्होंने ▶▶|शेष पेज 4 पर

### सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. अंगमो द्वारा दायर एक याचिका पर उच्चतम न्यायालय में सोमवार को सुनवाई निर्धारित है, जिसमें उन्होंने जलवायु कार्यकर्ता की रासुका के तहत हिरासत को चुनौती दी है। उनकी तत्काल रिहाई की मांग की है।

# छिंदवाड़ा के बाद बैतूल में भी दो बच्चों की मौत तमिलनाडु तक पहुंचेगी एसआईटी की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल/बैतूल

हरिभूमि फॉलोअप

मध्य प्रदेश में छिंदवाड़ा कफ सिरप कांड में बच्चों की जान जाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। खांसी की दवा कोल्ड्रिफ पीने से छिंदवाड़ा के बाद अब बैतूल में भी दो बच्चों की मौत की खबर सामने आई है। इन दोनों की भी सिरप पीने के बाद किडनी फेल हो गई थी। पूरे मामले में अब तक मध्यप्रदेश के 14 बच्चों की जान चली गई है। ▶▶|शेष पेज 4 पर

- सिरप बना जहर : कई राज्यों में हड़कंप, मप्र में एसआईटी का गठन



### जबलपुर में दुकान व गोदाम सील

जबलपुर में प्रशासन ने कोल्ड्रिफ सिरप के डिस्ट्रीब्यूटर कातारिया फार्मास्युटिकल्स के गोदाम को सील कर दिया है। नायब तहसीलदार आदर्श जैन ने बताया कि यह वही जगह है जहां से खांसी की सिरप की खेप प्रदेश के कई हिस्सों में सप्लाई की गई थी। ड्रग इंस्पेक्टर प्रवीन पटेल के अनुसार, सिरप के सैंपल जांच में "सबस्टैंडर्ड" यानी मानक से नीचे पाए गए हैं। इसी आधार पर कार्रवाई तेज की गई है और दवा का पूरा स्टॉक फ्रीज कर दिया गया है।

### कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज

*छिंदवाड़ा में संदिग्ध रूप से किडनी के काम करना बंद कर देने के कारण 14 बच्चों की मौत होने के बाद पुलिस ने लापरवाही के आरोप में एक चिकित्सक को गिरफ्तार किया है। जहरीले 'कफ सिरप' की निर्माता कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मध्य प्रदेश सरकार ने 'कोल्ड्रिफ कफ सिरप' की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है।*

## डीजीसीए ने किया बड़ा ऐलान, अतिरिक्त उड़ानें होंगी संचालित

# त्योहारी सीजन में नहीं मचेगी 'लूट', हवाई किरायों पर 'कड़ी नजर'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

खास खबर

त्योहारों के मौसम आते ही हवाई किराये आसमान छूने लगते हैं। किराए को कंट्रोल में रखने के लिए सरकार एक्शन में आ गई है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने रविवार को त्योहारों के मौसम से पहले हवाई किराये के रुझानों की समीक्षा की। यात्रियों के हितों की रक्षा और किराये में संभावित बढ़ोतरी को रोकने के लिए ऐसा किया गया। डीजीसीए ने एयरलाइंस से अतिरिक्त उड़ानें चलाने को कहा है। इसके जवाब में इंडिगो, एयर इंडिया और स्पाइसजेट जैसी प्रमुख एयरलाइंस ने मिलकर लगभग 1700 से ज्यादा नई उड़ानें जोड़ने की घोषणा की है। डीजीसीए इस दौरान हवाई किराए और उड़ानों की क्षमता पर कड़ी निगरानी रखेगा।




### 1700 से ज्यादा अतिरिक्त उड़ानें

त्योहारी सीजन और बढ़ती मांग के दौरान घरेलू हवाई किराए में वृद्धि होती है। विशेष रूप से उन मार्गों में जिधर के लिए अधिक उड़ानें संचालित होती हैं। इंडिगो, एयर इंडिया और स्पाइसजेट जैसी प्रमुख एयरलाइंस की ओर से 1700 से ज यादा अतिरिक्त उड़ानें शुरू करने की घोषणा से बाजार में सीटों की सप लाई बढ़ेगी। इससे एयरलाइंस के लिए मनमाना किराया बढ़ाना मुश्किल हो जाएगा। इसके अलावा, यात्रियों को अपनी यात्रा की योजना बनाने के लिए ज यादा विकल्प और आसानी से टिकट उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

### किसकी कितनी अतिरिक्त उड़ानें

- इंडिगो 42 सेक्टरों में लगभग 730 अतिरिक्त सेवाएं
- एअर इंडिया, एअर इंडिया एक्सप्रेस 20 सेक्टरों में 486 उड़ानें
- स्पाइसजेट 38 सेक्टरों में लगभग 546 अतिरिक्त उड़ानें

### इधर, एअर इंडिया के विमान की आपात लैंडिंग

*नई दिल्ली। अमृतसर से इंग्लैंड के बर्मिंघम जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-117 (बोइंग ड्रीमलाइनर 787-8) की बर्मिंघम एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। फ्लाइट ने 4 अक्टूबर को दोपहर 12:52 बजे अमृतसर से उड़ान भरी थी और करीब 10 घंटे 45 मिनट बाद बर्मिंघम पहुंची। एअर इंडिया की अमृतसर-बर्मिंघम उड़ान के संचालक दल ने बताया कि शनिवार को हवाई अड्डे पर उतरने के दौरान बोइंग 787 का 'रैम एयर टर्बाइन' (आरएटी) अप्रत्याशित रूप से सक्रिय हो गया, हालांकि विमान सुरक्षित रूप से नीचे उतर गया। विमानन कंपनी ने रविवार को यह जानकारी दी। आरएटी दोनों इंजन के काम करना बंद करने या पूर्ण इलेक्ट्रॉनिक या हाइड्रोलिक विफलता की स्थिति में अपने आप सक्रिय हो जाता है।*

चिंतन

# पहाड़ों पर बार-बार क्यों पड़ रही प्रकृति की मार

हिमाचल प्रदेश और उतराखंड पर प्रकृति की मार से उभर भी नहीं पाए थे कि दार्जिलिंग में मौसम ने कहर बरपा दिया। पश्चिम बंगाल के उत्तरी हिस्से में स्थित पहाड़ों में भारी बारिश ने कहर बरपाया है। लगातार बरसात के कारण कई जगहों पर भूस्खलन हुए। इन भूस्खलनों से 40 लोगों की मौत हो गई। कई अन्य लोग अभी तक लापता हैं। भूस्खलन के कारण कई घर पूरी तरह से बह गए। इन घरों में रहने वाले लोगों ने अपना सब कुछ खो दिया। सड़कें भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। कई जगहों पर सड़कें टूट गईं या मलबे से भर गईं। असल में भूटान में लगातार हो रही बारिश के कारण पानी उत्तर बंगाल में बह रहा है। केवल 12 घंटों में 300 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश हुई। जिसने जमकर बर्बादी की है। इससे आवागमन पूरी तरह से रुक गया है। कई दूरदराज के गांवों का संपर्क बाकी दुनिया से टूट गया है। भूस्खलन और सड़क मार्ग पर अवरोधों के कारण पूरे क्षेत्र में हजारों पर्यटक फंसे हुए हैं। प्रदेश सरकार और प्रशासन उन्हें किसी तरह आपदा से बाहर लाने की कोशिशों में जुटे हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने पहले से ही दार्जिलिंग और कलिम्पोंग सहित उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल में छह अक्टूबर तक अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया था। साथ ही, मिट्टी की नाजुक स्थिति के कारण और अधिक भूस्खलन और सड़कों पर अवरोध पैदा होने की चेतावनी दी गई थी। असल में अब पहाड़ों का जानलेवा होना कोई नया नहीं रह गया है। कई सालों से लगातार देखने में आ रहा है कि पहाड़ों में बादल फटने और भूस्खलन से भारी नुकसान हुआ है। 2010 से 2025 के बीच पहाड़ों पर हुईं भूस्खलन और बादल फटने की घटनाओं ने 5949 से अधिक लोगों की जान ले ली। ऐसी घटनाओं का मुख्य कारण कहीं न कहीं मनुष्य और आबादी क्षेत्र का विस्तार है। यह अंधाधुंध विकास और पर्यावरण के असंतुलन का परिणाम है। बीते कुछ दशकों में हमने अपने पहाड़ों की संपदा का 40 से 50 प्रतिशत दोहन बढ़ा दिया है। इससे न केवल जल चक्र प्रभावित हुआ बल्कि सीधे तौर पर मानव जीवन और पर्यटन अर्थ आवासीय संरचना को काफी बढ़ाया है। इन क्षेत्रों में लोगों के पास रहने के लिए पर्याप्त जमीन नहीं है। ऐसे में वह उन जगहों पर रहने के लिए मजबूर हैं जहां पर प्राकृतिक आपदा आ सकती है। इसके अलावा पहाड़ों पर लगातार हो रही घटनाओं का कारण भूमि स्ट्रक्चर में बदलाव को भी माना जा रहा है। बीते वर्षों में केदारनाथ त्रासदी 2013, चमोली त्रासदी 2021, जोशीमठ त्रासदी 2023 और इस साल उत्तराखंड के धराली, हिमाचल प्रदेश व जम्मू कश्मीर में जो भी घटनाएं हो रही हैं। वह सब इसी के एक बड़ा उदाहरण हैं। मौजूदा समय में हम क्लाइमेट चेंज के ऐसे दौर से गुजर रहे हैं, जहां पर मौसम बिल्कुल अनिश्चित है। कभी गर्मी का मौसम लंबा खिंचता है तो कभी सर्दी का, इसने हमारे इको सिस्टम को प्रभावित किया है। इसी का असर है कि जिन बादलों को मैदान की तरफ जाकर बरसना चाहिए, वह जलवायु दबाव के कारण पहाड़ों पर ही अचानक से बरस जा रहे हैं। इसके अलावा धरती और समंदर दोनों लगातार गर्म हो रहे हैं। ऐसे में बादलों के बरसने का जो नियम है वह पहाड़ों पर ठंडा मौसम होने के कारण वहां पर अधिक विकराल रूप ले रहा है। अगर हम भी नहीं चेते तो तय है कि ये प्रकृतिक आपदाएं और भी विकराल रूप ले लेंगी। इससे पहाड़ों में जीवन ही कठिन हो जाएगा। इसलिए जरूरी है कि हम प्रकृति को उसके हाल पर छोड़ दें। उससे ज्यादा छेड़छाड़ पूरी मानव सभ्यता के लिए हानिकारक है।



श्रद्धांजलि
नरेंद्र मोदी

# उपलब्धियों से भरा रहा मल्होत्रा का जीवन

भारतीय जनता पार्टी परिवार ने अपने सबसे वरिष्ठ नेताओं में से एक विजय कुमार मल्होत्रा को खो दिया। उन्होंने अपने जीवन में बहुत-सी उपलब्धियां हासिल कीं। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण ये है कि उन्होंने कठोर परिश्रम, दृढ़ निश्चय और सेवा से भरा जीवन जिया। उनके जीवन को देखकर समझा जा सकता है कि आरएसएस, जनसंघ और भाजपा के मूल संस्कार क्या हैं। विपरीत परिस्थितियों में साहस का प्रदर्शन, स्वयं से ऊपर सेवा भावना, साथ ही राष्ट्रीय और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति गहरी प्रतिबद्धता, यह उनके व्यक्तित्व की बहुत बड़ी पहचान रही। मल्होत्रा के परिवार ने विभाजन का भयावह दौर झेला। उस स्थिपन ने उन्हें कड़वा या आत्मकेंद्रित नहीं बनाया।

कुछ दिन पहले, भारतीय जनता पार्टी परिवार ने अपने सबसे वरिष्ठ नेताओं में से एक विजय कुमार मल्होत्रा को खो दिया। उन्होंने अपने जीवन में बहुत-सी उपलब्धियां हासिल कीं। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण ये है कि उन्होंने कठोर परिश्रम, दृढ़ निश्चय और सेवा से भरा जीवन जिया। उनके जीवन को देखकर समझा जा सकता है कि आरएसएस, जनसंघ और भाजपा के मूल संस्कार क्या हैं। विपरीत परिस्थितियों में साहस का प्रदर्शन, स्वयं से ऊपर सेवा भावना, साथ ही राष्ट्रीय और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति गहरी प्रतिबद्धता, यह उनके व्यक्तित्व की बहुत बड़ी पहचान रही। वीके मल्होत्रा के परिवार ने विभाजन का भयावह दौर झेला। उस आघात और विस्थापन ने उन्हें कड़वा या आत्मकेंद्रित नहीं बनाया। इसके बजाए, उन्होंने स्वयं को दूसरों की सेवा में समर्पित कर दिया। उन्हें आरएसएस और जनसंघ की विचारधारा में राष्ट्रसेवा का रास्ता नजर आया।

बंटवारे का वो समय बहुत चुनौतीपूर्ण था। मल्होत्रा ने सामाजिक कार्यों को अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया। उन्होंने उन हजारों विस्थापित परिवारों की मदद की, जिन्होंने सब कुछ खो दिया था। उनका जीवन संवारने और उन्हें फिर से खड़े होने में मदद की। यही जनसंघ की प्रेरणा थी। उन दिनों उनके साथी मदनलाल खुराना और केदारनाथ साहनी भी बढ़-चढ़कर सेवा कार्यों में शामिल होते थे। उन लोगों की निःस्वार्थ सेवा को आज भी दिल्ली के लोग याद करते हैं। 1967 के लोकसभा और कई राज्यों के विधानसभा चुनाव तब अपराजेय मानी जाने वाली कांग्रेस के लिए चौंकाने वाले रहे थे। इसकी बहुत चर्चा होती है, लेकिन एक कम चर्चित चुनाव भी हुआ। वो था, दिल्ली मेट्रोपॉलिटन काउंसिल का पहला चुनाव। राष्ट्रीय राजधानी में जनसंघ ने शानदार जीत दर्ज की।

आडवाणी काउंसिल के चेयरमैन बने और मल्होत्रा को चीफ एग्जीक्यूटिव काउंसलर की जिम्मेदारी दी गई, जो मुख्यमंत्री के लगभग बराबर का पद था। तब उनकी उम्र केवल 36 वर्ष थी। उन्होंने अपने कार्यकाल को दिल्ली की जरूरतों, खासकर इंफ्रास्ट्रक्चर और लोगों से जुड़े मुद्दों पर फोकस किया। इस जिम्मेदारी ने मल्होत्रा जी का दिल्ली से जुड़ाव और मजबूत कर दिया। जनहित से जुड़े हर मुद्दे पर मल्होत्रा सक्रिय रूप से जनता के साथ खड़े होते और उनकी आवाज बुलंद करते। उन्होंने 1960 के दशक में गौ रक्षा आंदोलन में भी हिस्सा लिया, जहां उनके साथ पुलिस की ज्यादतियां भी खूब हुईं। आपातकाल विरोधी आंदोलन में भी उनकी सक्रिय भागीदारी रही। दिल्ली की सड़कों पर जब सिखों का बेरहमी से कत्लेआम हो रहा था, तब वे शांति और सद्भावना की आवाज बनकर सिख समुदाय के साथ पूरी मजबूती से खड़े रहे। उनका मानना था कि राजनीति, चुनावी सफलता के अलावा सिद्धांतों, मूल्यों और लोगों की रक्षा के लिए भी है, जब उन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है। 1960 के दशक के उत्तरार्ध में वीके मल्होत्रा सार्वजनिक जीवन का एक स्थायी चेहरा बन गए थे। बहुत कम नेता ऐसा दावा कर सकते हैं कि उनके पास लोगों के बीच रहकर काम करने का इतना लंबा और ठोस अनुभव है। वो एक अथक कार्यकर्ता, उत्कृष्ट संगठनकर्ता और एक संस्था निर्माता थे। उनमें चुनावी राजनीति और संगठनात्मक राजनीति, दोनों में समान



रूप से सहजता के साथ काम करने की अद्भुत क्षमता थी। उन्होंने जनसंघ और भाजपा की दिल्ली इकाई को स्थिर नेतृत्व दिया। अपने लंबे सेवाकाल में मल्होत्रा ने सिविक एडमिनिस्ट्रेशन संभाला, राज्य विधानसभा में भी पहुंचे और देश की संसद में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। 1999 के लोकसभा चुनाव में डॉ. मनमोहन सिंह के खिलाफ उनकी शानदार जीत समर्थकों और विरोधियों के बीच आज भी याद की जाती है। ये एक बेहद हाई-प्रोफाइल चुनाव था। कांग्रेस की पूरी ताकत उनके दक्षिण दिल्ली क्षेत्र में उतर आई थी। लेकिन मल्होत्रा ने कभी बहस का स्तर नीचे नहीं किया। उन्होंने पॉजिटिव कैंपेन चलाया। गालियों और हमलों को नजरअंदाज किया और 50 प्रतिशत से ज्यादा वोटों के साथ जीत हासिल की। ये जीत सिर्फ प्रचार के दम पर नहीं मिली थी। ये जीत मल्होत्रा की जमीन पर मजबूत पकड़ की वजह से मिली थी। कार्यकर्ताओं से आत्मीय संबंध बनाकर रखने और मतदाताओं के मन की थाह लेने में वो माहिर थे। मल्होत्रा संसद में सटीक तैयारी के साथ अपनी बात रखते थे। वो पूरी रिसर्च करके आते थे और प्रभावी ढंग से अपनी बात रखते थे। यूपीए-1 के दौरान विपक्ष के उपनेता के रूप में उन्होंने जिस तरीके से काम किया, वो राजनीति में आने वाले युवाओं के लिए एक मूल्यवान सबक की तरह है। उन दिनों मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था और अक्सर मल्होत्रा से बातचीत होती। वो हमेशा गुजरात की विकास यात्रा के बारे में जानने को उत्सुक रहते थे। राजनीति, वीके मल्होत्रा के व्यक्तित्व का केवल एक पहलू थी। वो एक उत्कृष्ट शिक्षाविद भी थे। उनके परिवार से मुझे पता चला कि उन्होंने स्कूल में डबल प्रमोशन हासिल किया। उन्होंने मैट्रिक और ग्रेजुएशन निर्धारित समय से पहले पूरी कर ली। उनकी हिंदी पर इतनी अच्छी पकड़ थी कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के भाषणों का हिंदी अनुवाद प्रायः वही करते थे। वे आरएसएस से जुड़ी कई संस्थाओं के संस्थापक और संरक्षक रहे। उनके प्रयासों से अनेक सांस्कृतिक, शैक्षिक और सामाजिक संस्थाओं का विकास हुआ और मार्गदर्शन मिला। इन संस्थाओं के माध्यम से कई प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिला। उन्होंने एक ऐसे समाज का विजन दिया, जो आत्मनिर्भर हो और मूल्यों पर टिका हो। मल्होत्रा ने राजनीति और अकादमिक जीवन से परे, खेल जगत में भी अमिट छाप छोड़ी। तीरंदाजी उनका गहरा शौक था और वो कई दशकों तक आर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रहे। उनके नेतृत्व में भारतीय तीरंदाजी को ग्लोबल पहचान मिली। उन्होंने खिलाड़ियों को मंच और अवसर दिलाने के लिए निरंतर अथक प्रयास किए। खेल प्रशासन में भी उन्होंने वही गुण दिखाए जो सार्वजनिक जीवन में थे, यानी समर्पण, संगठन क्षमता और उत्कृष्टता की निरंतर खोज।वी के मल्होत्रा जी को आज लोग उनके द्वारा संभाले गए पदों के साथ ही उनकी संवेदनशीलता के लिए भी याद कर रहे हैं। उनकी पहचान एक ऐसे व्यक्तित्व की रही, जो हमेशा लोगों की मुश्किलों में उनके साथ खड़े रहे। जहां भी मदद की जरूरत पड़ी, वहां उन्होंने खुद आगे बढ़कर योगदान दिया। विपरीत परिस्थितियों में भी अपने दायित्वों से पीछे नहीं हटे। वे आदर्श पार्टी कार्यकर्ता थे, कभी ऐसा कुछ नहीं बोलते थे जिससे हमारे कार्यकर्ताओं या विचारधारा को ठेस पहुंचे।

कुछ दिन पहले, मैं दिल्ली भाजपा के नए मुख्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुआ था। वहां मैंने स्नेहपूर्वक वीके मल्होत्रा को याद किया। इस वर्ष तीन दशक बाद जब भाजपा ने दिल्ली में सरकार बनाई, तो वो बहुत उत्साहित थे। उनकी अपेक्षाएं बहुत बड़ी थीं, जिन्हें हम पूरी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आने वाली पीढ़ियां उनके जीवन और उपलब्धियों से प्रेरणा पाती रहेंगी।

(लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

पर्यावरण
ज्ञानेन्द्र रावत




# हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियर झीलों से तबाही का खतरा

जलवायु परिवर्तन से ग्लेशियरों के पिघलने की गति जिस तेजी से बढ़ रही है, उसी गति से ग्लेशियर झीलों की तादाद भी बढ़ रही है। इस हिमालयी इलाके में ग्लेशियर झीलों की बेतहाशा बढ़ती तादाद निचले इलाकों में रहने वालों के लिए भीषण खतरा बन गई है। उच्च हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियर झीलों के आकार में तेजी से हो रही बढ़ोतरी ने वैज्ञानिकों और प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। वैज्ञानिकों के अध्ययन इस बात के जीते-जागते सबूत हैं कि ग्लेशियर झीलों के विस्तार भविष्य में 2013 की केदारनाथ त्रासदी जैसी भीषण आपदा का सबब बन सकती है। इसलिए इस पर तत्काल अंकुश लगाये जाने की जरूरत है। यदि हिमालयी राज्य उत्तराखंड को लें, तो इसके उच्च हिमालयी क्षेत्र में लगभग 1266 से भी अधिक ग्लेशियर झीलें हैं। इनमें 13 तो बेहद खतरनाक हैं। इनमें भी पांच उच्च जोखिम वाली क्षेणी में हैं। इनमें बहुतेरी झीलें ऐसी हैं जो विभिन्न कारणों से बनती-बिगड़ती रहती हैं। हाल ही में एक नयी आफत दस्तक दे रही है। वह यह है कि पिथौरागढ़ की दारमा घाटी के ऊपर करीब सात सौ मीटर लम्बी और छह सौ मीटर चौड़ी ग्लेशियर झील ने वैज्ञानिकों को अचरज में डाल दिया है। सबसे बड़ी चिंतनीय बात यह है कि इस झील के आकार में बीते दिनों करीब तीस फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। केन्द्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक अकेले अरुणाचल में 197 से ज्यादा ग्लेशियर झीलें हैं। ये अपना खतरनाक स्तर पर विस्तार कर रही हैं। इनके बाद लद्दाख में 120, जम्मू-कश्मीर में 57, सिक्किम में 47, हिमाचल में 6 और उत्तराखंड में 5 झीलें हैं। कुल मिलाकर 2025 में ही 1,435 ग्लेशियर झीलों का विस्तार हुआ है जो तबाही का संकेत है। गौरतलब है कि ग्लेशियर झीलों का मुद्दा 2013 में केदारनाथ आपदा के समय महत्वपूर्ण बन गया जबकि चौराबाडी ग्लेशियर की झील के फटने से तबाही आई थी। जियोलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया के मुताबिक उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्र में लगभग 968 ग्लेशियर हैं जिनमें 12000 ग्लेशियर झीलें मौजूद हैं। देखा गया है कि आये दिन उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियर से बनने वाली झीलों में जरूरत से ज्यादा पानी आने के कारण बाढ़ का खतरा मंडराता रहता है। इनको लेकर नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथारिटी द्वारा इन बर्फीली वादियों में बनी झीलों पर बीते महीनों में किये गये अध्ययनों में कई हैरानी वाली बातें सामने आयीं हैं। इसकी पुष्टि वाडिया इंस्टीटयूट आफ हिमालयन जियोलाजी के शोध में भी की गई है। शोध में खुलासा हुआ है कि इन झीलों में पानी बढ़ने से इनका आकार तेजी से विकराल रूप लेता जा रहा है। इसके चलते हमेशा आउटबर्स्ट का खतरा बना रहता है। 2021 में हिमनद का एक हिस्सा टूटने से चमोली में धौलीगंगा नदी में बाढ़ और 2013 में केदारनाथ त्रासदी इसकी जीती-जागती मिसाल है। चूंकि हिमालयन क्षेत्र भूकंपीय दृष्टि से काफी संवेदनशील है, इसलिए यह खतरा और बढ़ जाता है। यही वजह है कि वैज्ञानिक और पर्यावरणविद हिमालयी अंचल में बनी इन झीलों से आने वाले भीषण खतरों के प्रति काफी चिंतित हैं। इस सच्चाई को दरगुजर नहीं किया जा सकता कि भारत में ग्लेशियर झीलों का क्षेत्रफल लगातार बढ़ रहा है।

वैज्ञानिकों के शोध-अध्ययन और रिपोर्ट इस बात के प्रमाण हैं कि भारत में मौजूद 432 ग्लेशियर झीलों में बहुतेरी ऐसी हैं जिनका आकार जून 2025 के दौरान बढ़ा है। केन्द्रीय जल आयोग की मानें तो देश में सबसे अधिक हिमनद झीलें अपने विस्तार में चिंताजनक रुझान दिखा रही हैं जो खतरनाक संकेत हैं। याद रखना होगा कि ग्लेशियर मात्र बर्फीले शिखर ही नहीं हैं, वे हमारे भविष्य की जड़ें हैं। फिर हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि बर्फ के पिघलने से पूरा का पूरा पारिस्थितिकीय तंत्र बदल जाता है जो पर्यावरण के लिए बेहद खतरनाक है। बढ़ते खतरे से निपटने की दिशा में हमें तत्काल कार्रवाई, फंडिंग के साथ ही अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सहयोग की भी बहुत जरूरत है। इसके अलावा हमें अपनी जीवन शैली में बदलाव के साथ-साथ हिमालय क्षेत्र में मानवीय दखलंदाजी पर अंकुश, जलवायु परिवर्तन के दानव और कार्बन उत्सर्जन पर लगाम लगानी ही होगी, तभी कुछ बदलाव की उम्मीद की जा सकती है। अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब हिमालय की धारायें मौन हो जाएंगी, हम बूंद-बूंद पानी के लिए तरस जायेंगे, खेत सूख जाएंगे, जमीन बंजर हो जाएगी। निष्कर्ष यह कि आपदा प्राकृतिक हो या मानवीय निर्मित ,प्राकृतिक आपदा को तो हम रोक नहीं सकते लेकिन जागरूकता, सतर्कता और सावधानी से होने वाले जान-माल के नुकसान को कम जरूर कर सकते हैं। इसलिए ऐसे कदम प्राथमिकता के आधार पर तो हम उठा ही सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## संपत्ति को परमार्थ में न लगाना ही असफलता



संकलित
दर्शन

संतोष सभी गुणों में सर्वोपरि है। जीवन में संतुष्टि है, तो सद्गुणों को अपनाना सहज है। जहां सद्गुणों का वास है, वहां दुर्गुणों का नाश हो ही जाता है। क्योंकि, असंतुष्टि अशांति व अवगुणों की जननी है। असंतुष्टि का कारण अप्राप्ति है, किसी न किसी इच्छा या अपेक्षा की अपूर्ति है। ईश्वरीय ज्ञान, गुण व शक्तियों की प्राप्ति, धारणा व उपार्जन से इंसान की सभी सदिच्छाओं व आवश्यकताओं की सहज पूर्ति हो जाती है। संतुष्ट आत्मा बनने का अर्थ है सदा सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलना। संतोष द्वारा सर्व दिव्य गुणों का आह्वान होता है, जिससे सर्व अवगुणों की आहुति स्वतः हो जाती है। जीवन में अप्राप्ति या असंतुष्टि का कारण अंदर की कमियां या कमजोरियां ही हैं, जो परमात्म ज्ञान और योग साधना की प्राप्तियों से दूर हो जाती हैं। जिन्हें सर्व प्राप्तियां हैं, उसके चिह्न उनके मुख और व्यक्तित्व में प्रसन्नता के रूप में दिखाई देते हैं। आजकल लोगों के चेहरे पर सदा प्रसन्नता की झलक देखने को नहीं मिलती है। इंसान कभी प्रसन्नचित्त है तो और कभी प्रश्नचित्त बन जाता है। किसी भी परिस्थिति में हम क्यों, क्या, कैसे, कब... जैसे प्रश्नों से प्रश्नचित्त बन जाते हैं। पर कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो सदा प्रसन्नचित्त होते हैं। उनकी किसी भी बात में प्रश्न नहीं होता है। जो प्राप्तियों से सम्पन्न होता है, उसमें हलचल नहीं होती है। जो खाली होता है, उसमें हलचल होती है। स्वयं से पूछिए कि क्या मैं सदा प्रसन्नचित्त रहता या रहती हूं? यदि प्रसन्नता कम होती है तो उसका कारण प्राप्ति की इच्छा है।

## एक सत्संग ऐसा भी



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ और सेठानी रोज सत्संग में जाते थे। सेठजी के घर एक पिंजरे में तोता पाला हुआ था। तोता एक दिन पूछता हैं कि सेठजी आप रोज कहाँ जाते है। सेठजी बोले कि, सत्संग में ज्ञान सुनने जाते है। तोता कहता है, सेठजी संत महात्मा से एक बात पूछना कि में आजाद कब होऊंगा। सेठजी सत्संग खत्म होने के बाद संत से पूछते है कि महाराज हमारे घर जो तोता है उसने पूछा हैं की वो आजाद कब होगा? संत जी ऐसा सुनते हीं बेहोश होकर गिर जाते है। घर आते ही तोता सेठजी से पूछता है कि सेठजी संत ने क्या कहा। सेठजी कहते है तेरी आजादी का पूछते ही वो बेहोश हो गए। दूसरे दिन सेठजी सत्संग में जाने लगते है तब तोता पिंजरे में जानबूझ कर बेहोश होकर गिर जाता हैं। सेठजी उसे मरा हुआ मानकर जैसे हीं उसे पिंजरे से बाहर निकालते है, तो वो उड़ जाता है। सत्संग जाते ही संत सेठजी को पूछते है कि कल आप उस तोते के बारे में पूछ रहे थे ना अब वो कहाँ हैं। सेठजी कहते हैं, हाँ महाराज आज सुबह-सुबह वो जानबुझ कर बेहोश हो गया , मैंने देखा की वो मर गया है इसलिये मैंने उसे जैसे ही बाहर निकाला तो वो उड़ गया। तब संत ने सेठजी से कहा की देखो तुम इतने समय से सत्संग सुनकर भी आज तक सांसारिक मोह-माया के पिंजरे में फंसे हुए हो और उस तोते को देखो बिना सत्संग में आये मेरा एक इशारा समझ कर आजाद हो गया।

अंतर्मन




## आज की पाती

### पशुओं के संरक्षण-संवर्धन का संकल्प लें

चार अक्टूबर को विश्व पशु कल्याण दिवस मनाया जाता है। देश में पशु जगत की दुर्दशा को देखकर मन विचलित हो जाता है। गोधन की दुर्दशा देखकर हृदय कंपित हो उठता है। ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में पशुओं के प्रति प्रेम और सहानुभूति अभूतपूर्व थी। पशुओं के संरक्षण के लिए आज हमें ठोस प्रयास करने होंगे। पशुओं का अनिवार्य रूप से संरक्षण होना चाहिए। सामूहिक रूप से हिंसा उन्मूलन के प्रयास तेज होने चाहिए। उससे अहिंसात्मक मूल्यों की प्राणप्रतिष्ठा हो सकती है। पशु दुर्व्यवहार एक तरह से जानबूझ कर करने वाला कार्य जैसे मारना, जलाना, भोजन-पानी, आश्रय, देखभाल में कमी जैसी उपेक्षा से पशुओं को पीड़ा होती है। पशु शिकायत नहीं कर सकते। इसलिए हमें उनके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए।

– *अशोक दुबे, दुर्ग*

## ट्रेंड

### दार्जिलिंग में पुल दुर्घटना



दार्जिलिंग में भारी बारिश के कारण हुई दुखद जनहानि से मैं बेहद दुखी हूँ। मेरी संवेदनाएँ उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ।

- **अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### मेरी गहरी संवेदनाएं



पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भारी बारिश और भूस्खलन से कई लोगों की मौत और कई के लापता होने की खबर बेहद दुखद है। मैं प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और लापता लोगों के सुरक्षित मिलने की आशा करता हूं।

**-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### जवाबदेही तय करे सरकार



यह बेहद शर्म की बात है कि भाजपा सरकार में ऐसी आदर्श योजना भी बदनाम हो रही है क्योंकि खांसी की दवा से मौतें हो रही हैं। राज्य सरकार इन मौतों की जवाबदेही तय करने के बजाय (इन्हें) स्वीकार ही नहीं कर रही है।

**-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

### इंसानों की सेवा



आम आदमी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता गोवा को ठीक करने के लिए कर रहा काम। पार्टी राजनीति में सेवा करने के लिए आई है। इंसानों की सेवा करने से भगवान की पूजा करने के समान पुण्य मिलता है। हमारी सभी धार्मिक किताबें इंसानों की सेवा करने का ज्ञान देती हैं।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

करंट अफेयर

## चरमपंथी लेबनानी पॉप स्टार का आत्मसमर्पण



पॉप स्टार से वांछित इस्लामी चरमपंथी बने लेबनान के एक व्यक्ति ने 12 साल बाद शनिवार को खुद को देश की सैन्य खुफिया सेवा के हवाले कर दिया। न्यायिक और सुरक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लेबनान के शहर सिडोन में जून 2013 में सुन्नी मुस्लिम चरमपंथियों और लेबनानी सेना के बीच सड़क पर हुए खूनी संघर्ष के बाद से फदल शकर फरार था। उसकी गैरमौजूदगी में मुकदमा चलाया गया और 2020 में एक 'आतंकवादी समूह' को समर्थन देने के आरोप में 22 साल जेल की सजा सुनाई गई। दो सुरक्षा और दो न्यायिक अधिकारियों ने बताया कि शनिवार की रात एक लेबनानी सैन्य खुफिया बल सिडोन के पास ऐन अल-हिल्वेह के फिलस्तीनी शरणार्थी शिविर में पहुंचा और शकर को हिरासत में ले लिया, जो 12 साल से अधिक समय से इसी शिविर में छिपा हुआ था। नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर अधिकारियों ने बताया कि शकर लेबनानी अधिकारियों की गिरफ्तारी में है, उससे पूछताछ की जाएगी और सेना के खिलाफ अपराध करने के नए आरोपों पर मुकदमे की तैयारी की जाएगी। शकर एक पॉप स्टार था, जो 2002 में अपने एक जबरदस्त हिट गाने के साथ पूरे अरब जगत कें बेहद लोकप्रिय हुआ था।

ऑफ बीट

## रात में अच्छी नींद कैसी होनी चाहिए?



बहुत से लोग सोचते हैं कि जब वे तकिये पर सिर रखेंगे तो उन्हें गहरी और आरामदेह नींद आनी चाहिए और लगभग आठ घंटे के बाद तरोताजा महसूस करते हुए उठना चाहिए। वास्तव में, पूरी रात स्वस्थ नींद चक्रीय होती है क्योंकि आप नींद के विभिन्न चरणों से गुजरते हैं और अक्सर कई बार जागते हैं। कुछ लोगों को इनमें से एक या अधिक बार जागना याद रहता है लेकिन कई लोगों को यह भी याद नहीं रहता कि वे रात में कितनी बार नींद से जागे। एक वयस्क के रूप में, हमारी नींद अलग-अलग चक्रों से गुजरती है और रात के दौरान थोड़ी-थोड़ी देर के लिए नींद टूटती है। प्रत्येक नींद का चक्र लगभग 90 मिनट का होता है। गहरी नींद में जाने से पहले और सपनों की दुनिया (रैपिड आई मूवमेंट-आरईएम) में खोने से पहले हम रात में हल्की नींद से शुरुआत करते हैं। यदि हम अच्छी नींद लेते हैं, तो हम अपनी अधिकांश गहरी नींद रात के पहले भाग में पूरी कर लेते है और रात के दूसरे भाग में हमें सपने आने लगते हैं। वयस्क आमतौर पर रात में पांच या छह नींद के चक्रों से गुजरते हैं और प्रत्येक चरण के अंत में थोड़ी देर के लिए जागना पूरी तरह सामान्य है। इसका मतलब है कि हम रात में पांच बार जाग सकते हैं।यह बढ़ती उम्र के साथ बढ़ सकता है और हम फिर भी स्वस्थ रह सकते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर
सोमवार, 6 अक्टूबर 2025
आश्विन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
वर्ष : 25, अंक : 194
पृष्ठ : 10+8 = 18 मूल्य : 5.00***


मौसम
अधि. 31.6
न्यून. 23.8

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



5 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप : भारत...

विचार पेज
उपलब्धियों से भरा रहा मल्होत्रा का जीवन

# वृद्धि योग में बरसेगा अमृत, रात्रि 10.53 तक रहेगी भद्रा इसके बाद रख सकेंगे चांदनी में खीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

इस वर्ष आश्विन पूर्णिमा तिथि सोमवार 6 अक्टूबर को है। अतः शरद पूर्णिमा आज मनाई जाएगी। पूर्णिमा तिथि 6 अक्टूबर दोपहर 12:24 बजे शुरू होगी। उदया तिथि उन पर्वों में मान्य नहीं होती है, जिनमें रात्रि को पूजा की जाती है। इसलिए सूर्योदय के समय पूर्णिमा तिथि ना होने के बाद भी शरद पूर्णिमा आज मनाई जाएगी, क्योंकि रात्रिकाल में पूजन के दौरान पूर्णिमा तिथि व्याप्त रहेगी। आज दोपहर प्रारंभ होने वाली पूर्णिमा तिथि कल अर्थात 7 अक्टूबर सुबह 9:18 बजे तक रहेगी। आज चंद्रोदय शाम 5:27 बजे होगा। 6 बजे के पूर्व चंद्रोदय होने के बाद भी लोगों को चांद की रोशनी में खीर रखने इंतजार करना होगा। चूंकि रात्रि 10 बजकर 53 मिनट तक भद्रा व्याप्त है इसलिए इससे पहले खीर नहीं रखी जा सकेगी। आज रात्रि 10 बजकर 53 मिनट से लेकर मध्यरात्रि 12 बजकर 9 मिनट तक चंद्रमा की रोशनी में खीर रखी जा सकती है।

## शरद पूर्णिमा आज : दोपहर 12.24 बजे शुरू हो जाएगी पूर्णिमा तिथि

तिथि और मुहूर्त

1. पूर्णिमा तिथि का प्रारंभ : 6 अक्टूबर, दोपहर 12 :24 बजे
2. पूर्णिमा तिथि का समापन : 7 अक्टूबर, सुबह 9 :18 बजे
3. चंद्रोदय : 6 अक्टूबर, शाम 5 :27 बजे।



खीर रखने का शुभ मुहूर्तः 6 अक्टूबर रात 10 बजकर 37 मिनट से 12 बजकर 9 मिनट तक (लाभ-उन्नति मुहूर्त)।

### दोपहर 1.14 बजे तक रहेगा वृद्धि योग

इस बार शरद पूर्णिमा वृद्धि योग के संयोग में मनाई जाएगी। वृद्धि योग का संयोग सुबह से शुरू होकर दोपहर 1:14 बजे तक रहेगा। यह दिन के समय पूजा-पाठ और अन्य शुभ कार्य करने के लिए उत्तम रहेगा। माना जाता है कि शरद पूर्णिमा पर चंद्रमा की अमृत किरणें पृथ्वी पर पड़ती हैं। चंद्रमा की किरणों में खीर रखने से वह अमृतमय हो जाती है और उसे खाने से स्वास्थ्य लाभ होता है। इसके अलावा इस दिन चंद्रमा की पूजा के साथ-साथ मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा करने से सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है। शहर के मंदिरों में भी खीर निर्मित कर भक्तों में प्रसाद स्वरूप वितरित की जाएगी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### शक्तिसैट अभियान से जुड़ी छात्राएं राष्ट्रपति से मिलीं



**नई दिल्ली।** चंद्रमा पर भेजे जाने वाले अंतरिक्ष यान 'शक्तिसैट' को विकसित करने वाली टीम में शामिल मध्यप्रदेश की छात्राओं ने दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। ये छात्राएं चेन्नई स्थित अंतरिक्ष स्टार्टअप 'स्पेस किड्ज इंडिया' की वैश्विक, पूर्ण बालिका पहल का हिस्सा हैं। उन्होंने पिछले हफ्ते राष्ट्रपति भवन में मुर्मू से मुलाकात की और 'शक्तिसैट' अभियान के बारे में अद्यतन जानकारी दी। 'शक्तिसैट' अभियान के तहत इस वर्ष दिसंबर में पृथ्वी की निचली कक्षा में और अगले साल चंद्रमा पर एक उपग्रह भेजने की योजना है।

### वैन के ट्रक और बाइक से टकराने पर चार की मौत

**पाटन ।** गुजरात के पाटन जिले के राधनपुर के पास रविवार को एक पिकअप वैन के ट्रक और दो मोटरसाइकिल से टकराने पर चार लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। दुर्घटना सुबह करीब 10 बजे मोती पिपली गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई। लगभग 15 यात्रियों को ले जा रही एक पिकअप वैन सड़क पर अन्य वाहन से आगे निकलने की कोशिश में एक ट्रक से टकरा गई। टक्कर वाली जगह पर सड़क निर्माण कार्य के कारण एक तरफ यातायात अवरुद्ध था। इस दौरान वैन ने उन दो मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिन पर दो-दो लोग सवार थे।

### मप्र के सीएम ने काजीरंगा का किया दौरा



**गुवाहाटी।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान का रविवार को दौरा किया। यह उद्यान अपने एक सींग वाले गैंडे के लिए प्रसिद्ध है। यादव ने अपनी पत्नी और अधिकारियों के साथ उद्यान के मध्य क्षेत्र में 'जीप सफारी' की। मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लिया और उद्यान के वन्यजीव संरक्षण के बारे में जानकारी ली।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो की मौत

**कौशांबी।** कौशांबी जिले के करारी क्षेत्र में किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौत हो गयी। मीरापुर मोड़ के पास शनिवार रात किसी अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार गुड्डू लाल (55) और उसके रिश्ते के भाई सुखई (54) को पीछे से टक्कर मार दी। इससे वे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों बरई बंधवा गांव के निवासी थे और बिसारा गांव से लौट रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जा रही थी, लेकिन रास्ते में ही दोनों की मौत हो गई।

*कुदरत का कहर...12 घंटे से लगातार बारिश से जनजीवन बेहाल*

# दार्जिलिंग की पहाड़ियों पर भारी बारिश सड़कें टूटीं, दरके पहाड़, 20 की मौत

*पश्चिम बंगाल के मिरिक और दार्जिलिंग पहाड़ियों में रविवार को लगातार बारिश के कारण हुए भारी भूस्खलन में कई बच्चों सहित कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। भूस्खलन के कारण कई घर बह गए, सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं, दूरदराज के कई गांवों का संपर्क टूट गया तथा सैकड़ों पर्यटक फंस गए।*

एजेंसी ⏭ दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल)

एनडीआरएफ और जिला प्रशासन द्वारा संकलित रिपोर्ट के अनुसार, कई स्थानों - सरसली, जसबीरगांव, मिरिक बस्ती, धार गांव (मेची), नागराकाटा और मिरिक झील क्षेत्र से लोगों के मारे जाने की खबर है। उत्तर बंगाल विकास मंत्री उदयन गुहा ने जान-माल के नुकसान को दुखद बताते हुए बताया कि स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने शाम को कहा, अभी तक मृतकों की संख्या 20 है। यह संख्या बढ़ने की आशंका है। एनडीआरएफ के बयान के अनुसार, भूस्खलन से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र मिरिक में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई है और सात घायलों को क्षेत्र से बचा लिया गया है। दार्जिलिंग में सात लोगों की मौत हो गई और पुलिस, स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रतिक्रिया टीमों की मदद से बचाव अभियान जारी है। दार्जिलिंग उप-मंडल अधिकारी (एसडीओ) रिचर्ड लेप्चा ने बताया, कल रात से हो रही भारी बारिश के कारण दार्जिलिंग उपखंड में हुए भीषण भूस्खलन में सात लोगों की मौत हो गई है।



*आज भी अलर्टः भारत मौसम विज्ञान विभाग ने दार्जिलिंग और कलिम्पोंग सहित उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल में छह अक्टूबर तक अत्यधिक भारी वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया है।*

### सैकड़ों पर्यटक फंसे

दुर्गा पूजा और पूजा के बाद के उत्सवों का आनंद लेने के लिए दार्जिलिंग की पहाड़ियों में आए सैकड़ों पर्यटक भारी वर्षा के कारण हुए भूस्खलन के कारण फंस गए हैं। उनमें से कई, जिनमें कोलकाता और बंगाल के अन्य हिस्सों से आए परिवार और समूह शामिल थे।



### कई सड़कें बाधित, संचार भी ठप

भूस्खलन के कारण मिरिक-सुखियापोखरी सड़क सहित प्रमुख मार्गों पर यातायात बाधित हो गया जबकि कई पहाड़ी बस्तियों की संचार लाइनें टूट गईं। नागराकाटा के धार गांव में मलबे से कम से कम 40 लोगों को बचाया गया, जहां भारी भूस्खलन के कारण कई घर ध्वस्त हो गए। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि उनके पास जानकारी है कि इस आपदा में 21 लोगों की जान चली गई।

### राष्ट्रपति-पीएम ने शोक जताया

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मौतों पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारी बारिश और भूस्खलन के मद्देनजर दार्जिलिंग और आसपास के क्षेत्रों की स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

### सीएम ममता करेंगी दौरा

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पीड़ितों के लिए मुआवजे की घोषणा की, लेकिन राशि का उल्लेख नहीं किया और उन्होंने कहा कि वह छह अक्टूबर को उत्तर बंगाल का दौरा करेंगी और क्षेत्र की स्थिति का आकलन करेंगी, जहां बड़ी संख्या में पर्यटक भी प्रभावित हुए हैं।



## इधर, नेपाल में भूस्खलन और बाढ़ में 51 की मौत

**काठमांडू।** पूर्वी नेपाल में विभिन्न स्थानों पर कल रात से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण भूस्खलन और बाढ़ आई, जिसके कारण रविवार सुबह तक कम से कम 51 लोगों की मौत हो गई। सशस्त्र पुलिस बल के प्रवक्ता कालिदास धौवजी ने बताया कि पिछले दो दिनों में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन के कारण कोशी प्रांत में इल्लम जिले के विभिन्न स्थानों पर कम से कम 37 लोगों की मौत हुई है। उदयपुर में दो और पंचथार में एक व्यक्ति की मौत हो गई। रौतहट में तीन और खोतांग जिले में दो लोगों की मौत हो गई।

**दो दिनों से भारी बारिश**

### पीएम मोदी ने मदद की पेशकश की

पड़ोसी देश को मदद की पेशकश करते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, नेपाल में भारी बारिश से हुई जनहानि और क्षति दुखद है। इस कठिन समय में हम नेपाल की जनता और सरकार के साथ हैं। मोदी ने कहा, भारत हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

महिला वनडे विश्व कप 2025

# भारत ने महिला विश्व कप में पाक को धोया, 88 रनों से जीता दूसरा मुकाबला



क्रांति बनीं प्लेयर ऑफ द मैच
10 ओवर
20 रन
03 विकेट

**क्रांति गौड़ और दीप्ति शर्मा को तीन-तीन विकेट**

एजेंसी ⏭ कोलंबो

भारतीय महिला टीम ने रविवार को महिला वनडे विश्व कप 2025 के छठे मुकाबले में पाकिस्तान को 88 रनों से हराया। विश्व कप में हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली भारतीय टीम की दूसरी जीत है। वहीं पाकिस्तान की टूर्नामेंट में लगातार दूसरी हार है। कोलंबो में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने 50 ओवर में सभी विकेट खोकर 247 रन बनाए, इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम 43 ओवर में सभी विकेट खोकर 159 रन ही बना सकी। पाकिस्तान के लिए सिदरा ने सर्वाधिक 81 रन बनाए। भारत की ओर से क्रांति और दीप्ति ने 3-3 विकेट लिए। गेंदबाज क्रांति गौड़ को शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड मिला। क्रांति ने 10 ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट लिए। गौड़ ने तीन मेडन ओवर किए। क्रांति ने 4 गेंद में 8 रन का योगदान दिया था।

**भारत**
50 ओवर में सभी विकेट खोकर 247 रन

**पाकिस्तान**
43 ओवर में सभी विकेट खोकर 159 रन

### खिलाड़ियों ने नहीं मिलाया हाथ

भारतीय टीम ने जीत के बाद पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया। टॉस के दौरान भी दोनों कप्तान ने हाथ नहीं मिलाया था। इससे पहले भारतीय पुरुष टीम ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाने का फैसला किया था और अब महिला टीम भी उसी रास्ते पर है।

### रेफरी की गलती से टॉस हारा भारत

टॉस के दौरान रेफरी की गलती से भारत टॉस हार गया। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने सिक्का उछाला, तो पाकिस्तानी कप्तान फातिमा सना ने टेल्स बोला। सिक्का जमीन पर हेड्स गिरा। साउथ अफ्रीका की मैच रेफरी शांद्रे फ्रिट्ज ने गलती से सना की कॉल को हेड्स सुन लिया था। उन्होंने पाकिस्तान को टॉस की विजेता घोषित किया।

### जीत की लय को जारी रखना चाहेंगेः हरमनप्रीत

भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पाक को हराने के बाद खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि टूर्नामेंट में आगे भी इसी जीत की लय को जारी रखना चाहेंगे। कौर ने कहा, जीत से बहुत खुश हूं। यह एक अहम जीत थी। हमारी गेंदबाजी शानदार रही और क्रांति गौड़ ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। रेणुका शर्मा ने भी उनका अच्छा साथ दिया। उन्होंने कहा, हमने कई मौके बनाए, कुछ कैच छोड़े भी, लेकिन जीत से खुशी मिली।

# मैट्रिमोनियल साइट बनाकर जालसाजों ने ठग लिए 6 करोड़



**रायपुर।** रेंज साइबर पुलिस ने पहली बार एपीके फाइल भेजकर लोगों के साथ ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। ठगी करने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने ओडिशा, गुजरात तथा रायपुर, बिलासपुर से चार जालसाजों को गिरफ्तार किया है। जालसाज रायपुर के गोल चौक तथा कटोरा तालाब में मैट्रिमोनियल साइट चलाने बकायदा ऑफिस खोलकर लोगों के साथ ठगी कर रहे थे। ठगी की रकम का ट्रांजेक्शन कर म्यूल अकाउंट का इस्तेमाल कर रहे थे। जालसाजों द्वारा देश के अलग-अलग राज्यों में अब तक छह करोड़ रुपए ठगी करने की जानकारी मिली है। उनके कब्जे से पुलिस ने 60 बैंक अकाउंट किट जब्त किए हैं। आरोपियों ने पांच सौ से ज्यादा म्यूल अकाउंट में ठगी की रकम ट्रांसफर ⏭ शेष पेज 4 पर

■ **गोल चौक कटोरा तालाब में ऑफिस खोल कर संचालित कर रहे थे ठगी की दुकान**

खेत में काम करते वक्त की घटना

# मधुमक्खी के हमले में दो की मौत, पांच घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के वार्ड नं. 1 नवागांव में खेत पर काम करने गई पांच महिलाओं पर मधुमक्खी ने हमला कर दिया। इस हमले में एक महिला की मौत हो गई। वहीं महिलाओं पर हमले के बाद घटनास्थल पर पहुंचे एक युवक और उनके पुत्र पर भी मधुमक्खी ने हमला कर दिया, जिससे पुत्र को बचाने वाले पिता की मौत हो गई। नवागांव वार्ड बीड़ी श्रमिक कॉलोनी के समीप रहने वाली पांच महिलाएं शनिवार की सुबह भी खेत पर काम करने गई हुई थीं। सुबह लगभग 10 बजे के करीब रेलवे ट्रैक के समीप लगे खेत के मेड़ पर पहुंचकर महिलाएं



अपना टिफिन और मोबाइल फोन रख रही थीं। तभी सैकड़ों मधुमक्खियां के झुंड ने महिलाओं पर हमला कर दिया। मधुमक्खी के द्वारा काटे जाने से महिलाओं में अफरा-तफरी मच गई। महिलाएं जान बचाकर भागने लगी। तभी रेलवे ट्रैक पर काम कर रहे कुछ मजदूरों ने चीख-पुकार सुनकर महिलाओं के ⏭ शेष पेज 4 पर

### गांव में पसरा मातम

इधर, गांव में दो मौत के बाद मातम पसर गया। दोनों ही मृतक पड़ोसी थे। जिला अस्पताल में उपचारार्थ मधुमक्खी के हमले से घायल 42 वर्षीया पार्वती साहू ने बताया कि वह अन्य महिलाओं के साथ खेत में करगा निंदाई के लिए गई हुई थी। जब वह खेत के मेड पर अपना सामान रख रहे थे, तभी सैकड़ों मधुमक्खियां ने हमला किया।

### कंबल डालकर पुत्र को बचाया, लेकिन खुद की मौत

वार्ड के घनशुराम साहू ने बताया कि मधुमक्खी के हमले के बाद महिलाओं के द्वारा मेड़ पर छोड़े गए सामान को लाने सुनीति यदु का पुत्र शिव यदु अपने 12 वर्षीय पुत्र बिट्टू यदु के साथ घटनास्थल पर पहुंच गया। उसके पहुंचते ही मधुमक्खियां ने उस पर भी हमला कर दिया। हालांकि उसने अहतियातन कंबल ओढ़ रखा था, लेकिन जब मधुमक्खियां ने उनके पुत्र पर हमला किया तो उसने अपना कंबल निकालकर पुत्र पर डाल दिया। जिसके बाद मधुमक्खी के काटने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। फिर भी वह जैसे-तैसे घर पर पहुंचा और लोगों की मदद से उसे और उसके पुत्र को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शनिवार के देर रात थी शिव की मौत हो गई।

आतंकवादियों से चार बार मिला गिरफ्तार आरोपी

# मोबाइल चार्जर से पकड़ा गया पहलगाम हमले का मददगार

एजेंसी ⏭ श्रीनगर

कश्मीर घाटी के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीछे की साजिश धीरे-धीरे सामने आ रही है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक ऐसे ओवरग्राउंड वर्कर को गिरफ्तार किया है, जिसने आतंकियों से चार बार मुलाकात की थी। उनको रसद सहायता उपलब्ध कराई थी। उनको मोबाइल फोन चार्जर दिया था। 26 साल के इस आरोपी का नाम मोहम्मद यूसुफ कटारी है, जो कि पेशे से शिक्षक है। केंद्रीय जांच एजेंसियों के मुताबिक, मोहम्मद यूसुफ कटारी ने पूछताछ में कबूल किया है कि वो पहलगाम हमले में शामिल तीन आतंकियों सुलेमान उर्फ आसिफ, जिबरान और हमजा अफगानी से चार बार मिला था। यही नहीं उसने उन्हें एक एंड्रॉइड मोबाइल फोन चार्जर ⏭ शेष पेज 4 पर



### आतंकियों के संपर्क में था आरोपी

मोहम्मद यूसुफ कटारी सुलेमान उर्फ आसिफ, जिबरान और हमजा अफगानी जैसे बड़े आतंकियों के संपर्क में था। सुलेमान पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड था। जिबरान अक्टूबर 2024 में सोनमर्ग सुरंग हमले में शामिल था। हमजा अफगानी कई छोटे आतंकी ऑपरेशनों में शामिल रहा था. तीनों को 29 जुलाई को 'ऑपरेशन महादेव' के तहत मुठभेड़ में मार गिराया गया था।

### जुड़ती गईं कड़ियां...

फोरेंसिक जांच में मोबाइल चार्जर के सीरियल नंबर और कनेक्टिविटी डेटा से पुलिस को अहम सुराग मिले। श्रीनगर पुलिस ने जब इसकी ट्रेसिंग की, तो चार्जर के असली मालिक का पता चल गया। उसने इसे एक डीलर को बेचा था। वहीं से कड़ी से दूसरी कड़ी जोड़ते हुए जांच टीम मोहम्मद यूसुफ कटारी तक पहुंच गई। उसको सितंबर के आखिरी हफ्ते में गिरफ्तार किया गया था।

### खानाबदोश छात्रों को पढ़ाता था आरोप

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी मोहम्मद यूसुफ कटारी ऊंचे इलाकों में रहने वाले खानाबदोश छात्रों को पढ़ाने का काम करता था, लेकिन पर्दे के पीछे आतंकियों को गाइड करने और उनके लिए सामान जुटाने जैसी जिम्मेदारी निभाता था। बताया जा रहा है कि उसने न सिर्फ मोबाइल फोन चार्जर उपलब्ध कराया, बल्कि पहलगाम के हमलावरों को पहाड़ी रास्तों से गुजरने में मदद भी की थी।

**51**
मीटर लंबा
**320**
टन करीब वजन
**3,000**
किलोवाट के दो डीजल इंजनों से संचालित
**1500**
समुद्री मील रेंज
**27**
नॉट (करीब 50 किमी/घंटा) गति
**06**
अधिकारी और 35 जवान रहेंगे तैनात

# तटरक्षक बल में शामिल हुआ 'अक्षर', समुद्र की करेगा निगरानी और सुरक्षा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तटरक्षक बल में एक नया गश्ती पोत आईसीजीएस अक्षर को शामिल किया गया। यह गश्ती पोत देश के समुद्री क्षेत्र की निगरानी और खोजबीन करने के अलावा बचाव संबंधी अभियानों में मददगार होगा। साठ फीसदी से ज्यादा स्वदेशी सामग्री वाले इस पोत का निर्माण गोवा शिपयार्ड लिमिटेड ने पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से किया है। रक्षा मंत्रालय की अपर सचिव दीप्ति मोहित चावला ने पुडुचेरी के कराईकल में एक समारोह में पोत का जलावतरण किया। इस अवसर पर तटरक्षक बल के पूर्वी समुद्री सीमा के कमांडर एडीजी डॉनी माइकल सहित केंद्र एवं राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि 'आईसीजीएस अक्षर' अत्याधुनिक तकनीक से लैस है, जिसमें बेहतर संचालन क्षमता के लिए स्वदेशी रूप से विकसित कंट्रोल करने योग्य पिच प्रोपेलर और गियर बॉक्स शामिल हैं। आईसीजीएस अक्षर को कराईकल में तैनात किया जाएगा और यह पोत कोस्ट गार्ड रीजन (ईस्ट) के कमांडर के नियंत्रण में कार्य करेगा। आधुनिक तकनीकि से लैस ये फास्ट पैट्रोल वेसल सुरक्षा, निगरानी, नियंत्रण और निगरानी की प्राथमिक भूमिका के साथ अपतटीय संपत्तियों और द्वीप क्षेत्रों की रक्षा में मदद करेंगे।



### क्या है इस पोत की खासियत

यह पोत 51 मीटर लंबा यह पोत अदम्य श्रेणी के आठ तेज गश्ती पोतों में दूसरा है। पोत का वजन करीब 320 टन है और यह दो 3,000 किलोवाट डीजल इंजनों से संचालित होता है। इसकी अधिकतम गति 27 नॉट (करीब 50 किमी/घंटा) है। साथ ही इसकी रेंज 1500 समुद्री मील है। इसमें स्वदेशी रूप से विकसित कंट्रोलेबल पिच प्रोपेलर और गियरबॉक्स लगे हैं, जो समुद्र में बेहतर गतिशीलता प्रदान करते हैं। जिस पर 6 अधिकारी और 35 जवान तैनात रहेंगे।

### इन हथियारों से युक्त है पोत

अक्षर में एक 30 एमएम की सीआरएन 91 गन और दो 12.7 एमएम की स्टैबिलाइज्ड रिमोट कंट्रोल गन लगाई गई हैं। साथ ही पोत में आधुनिक फायर कंट्रोल सिस्टम भी लगाया गया है। इसके अलावा इसमें इंटीग्रेटेड ब्रिज सिस्टम, इंटीग्रेटेड प्लेटफॉर्म मैनेजमेंट सिस्टम और ऑटोमेटेड पावर मैनेजमेंट सिस्टम जैसी अत्याधुनिक प्रणालियां भी लगी हैं।

### इससे पहले अदम्य हुआ बेड़े में शामिल

बता दें कि इससे पहले देश का पहला फास्ट पैट्रोल वेसल अदम्य इंडियन कोस्ट गार्ड में शामिल हो चुका है। 60 फीसदी स्वदेशी सामग्री से बना यह फास्ट पैट्रोल वेसल आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया की शक्ति को दर्शाता है और तटीय सुरक्षा, ईईजेड गश्त और एसएआर ऑप्स को बढ़ावा देता है।

### 2024 में हुआ था लॉन्च

भारतीय तटरक्षक बल ने 28 अक्टूबर, 2024 को गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा निर्मित 60% से अधिक स्वदेशी सामग्री वाले दो फास्ट पैट्रोल वेसल 'आदम्य' और 'अक्षर' को एक साथ लॉन्च किया था। ये जहाज जीएसएल के साथ आठ ऐसे फास्ट पैट्रोल वेसल के लिए हस्ताक्षरित अनुबंध का हिस्सा हैं, जिन्हें 473 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है।

### अदम्य की यह है विशेषताएं

पीआईबी की तरफ से बताया कि हर एफपीवी की लंबाई 52 मीटर, चौड़ाई 8 मीटर और अधिकतम गति 27 नॉट होगी। इनमें पिच प्रोपेलर-आधारित प्रणोदन प्रणाली है, जिसे कंट्रोल किया जा सकता है। इसका डिस्प्लेसमेंट 320 टन है। इन जहाजों को अमेरिकी शिपिंग ब्यूरो और भारतीय शिपिंग रजिस्टर के कड़े दोहरे वर्ग प्रमाणन के तहत आईसीजी की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन और निर्मित किया गया है।

हमास ने मानीं कुछ शर्तें, इजरायल अभी भी अपनी पर अड़ा

# ट्रंप के रोकने पर भी नहीं माना इजरायल, गाजा पर बरसाईं मिसाइलें, 70 से ज्यादा की मौत

एजेंसी ▶▶| यरुशलम

गाजा में चल रहे संघर्ष के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप युद्ध विराम की कोशिश को नजरअंदाज करते हुए इजरायल ने गाजा पर फिर से हवाई हमला शुरू कर दिया है। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को हुए इजरायली हमले में कम से कम 70 फिलिस्तीनी नागरिक मारे गए हैं। मारे गए नागरिकों में मासूम बच्चे भी शामिल हैं। ट्रंप ने इजरायल से बमबारी रोकने को कहा था फिर भी हमले हुए। हमास द्वारा सहमति जताए जाने के बाद ट्रंप ने इजरायल से गाजा पर तुरंत बमबारी रोकने का आदेश दिया था। रिपोर्टों के मुताबिक, यह कार्रवाई तब हुई जब हमास ने बंधकों की रिहाई और युद्ध समाप्त करने को लेकर ट्रंप की शांति योजना की कुछ शर्तें मान ली थीं।

दरअसल, ट्रंप हमास-इजरायल के बीच चल रहे युद्ध को रोकने का प्रयास कर रहे हैं। हमास द्वारा सहमति जताए जाने के बाद, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने इजरायल से गाजा पर तुरंत बमबारी रोकने का आदेश दिया था। इसके बाद भी शनिवार को इजरायल द्वारा गाजा पर हमला किया गया है। इस हमले में इजरायली सैन्य ठिकानों के बीच में रहे गाजा शहर के लोग सबसे अधिक हताहत हुए।



### 45 लोगों के मौत की पुष्टि

अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य अधिकारियों ने पुष्टि की है कि वहां 45 लोगों की जान चली गई। हाल के हफ्तों में इजरायली हमलों ने दस लाख से अधिक गाजावासियों को प्रभावित किया है। इजरायल द्वारा किए जा रहे हमले के कारण गाजावासियों को यह इलाका छोड़कर दक्षिणी गाजा की ओर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

### इजरायल कब रोकेगा कार्रवाई स्पष्ट नहीं

इजराइली सैन्य प्रमुख ने ट्रंप की शांति योजना के पहले चरण को लागू करने की तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए हैं। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि गाजा में सैन्य कार्रवाई कम की जाएगी या नहीं। अब सबकी नजर इस बात पर है कि आने वाले दिनों में इजराइल और हमास के बीच तनाव कम होता है या स्थिति और बिगड़ती है।

### सिर्फ गाजा नहीं मिडिल ईस्ट का मामला : ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि यह सिर्फ गाजा का मामला नहीं है, बल्कि पूरे मध्य पूर्व में लंबे समय से चाही जा रही शांति का प्रयास है।" ट्रंप के इन बयानों से साफ है कि अमेरिका अब मध्य पूर्व में तनाव घटाने और स्थायी समाधान की दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। ट्रंप ने कहा हमास ने यह दिखा दिया है कि वह स्थायी शांति के लिए तैयार है। अब जिम्मेदारी इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू की सरकार की है।

## इजरायल ने पहले ही दे दिया था अल्टीमेटम

इजरायली सेना ने दक्षिणी गाजा में एक विस्थापन शिविर, अल-मवासी पर भी हमले किए हैं। इससे पहले ही इजरायली सैनिकों ने फिलिस्तीनियों को खाली करने के लिए कहा था। इस हमले में दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि कम से कम आठ अन्य घायल हो गए। इसके अलावा तुफाह इलाके में, एक रिहायशी घर पर भी हवाई हमले हुए। जिसमें 18 लोग मारे गए और कई लोग घायल हुए।

### मैं देरी बर्दाश्त नहीं करूंगा : ट्रंप की हमास को चेतावनी

ट्रंप ने हमास को चेतावनी दी कि वह देरी न करे, वरना सब दांव पर लग जाएगा। ट्रंप ने कहा कि मैं देरी बर्दाश्त नहीं करूंगा, जैसा कि कई लोग सोचते हैं कि होगा, या ऐसा कोई भी नतीजा बर्दाश्त नहीं करूँगा जहाँ गाजा फिर से ख़तरा पैदा करे।

### आज चर्चा करेंगे इजरायल-हमास के प्रतिनिधि

मिस्र के विदेश मंत्रालय के अनुसार, हमास और इजरायल के प्रतिनिधिमंडल भी सोमवार को वार्ता में शामिल होंगे।ट्रंप ने लिखा, जब हमास पुष्टि करेगा, तो युद्धविराम तुरंत प्रभावी हो जाएगा, बंधकों और कैदियों की अदला-बदली शुरू हो जाएगी।

## लक्ष्मी पूजन की तैयारी...



कोलकाता। दीपावली में होने वाली लक्ष्मी पूजन के लिए माता लक्ष्मी की मूर्तियां तैयार होना व बिकना हुआ प्रारंभ।

### ब्रिज पर लटकी बस, सोलह यात्रियों को पड़े जान के लाले

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश के हापुड़ में सड़क पर पड़े पत्थर के कारण बड़ा हादसा हो गया। यहां यूपी रोडवेस की एक बस ब्रिज पर लटकने गई। बस को ब्रिज के बीच लटकता देख उसमें सवार लोगों की सांसें थम गईं। बस के अंदर चीख पुकार मच गई। गनीमत रही कि बस नीचे नहीं गिरी और अंदर बैठे किसी यात्री को गंभीर चोट भी नहीं आई। यह हादसा ब्रजघाट पर हुआ। यहां रोडवेज की बस का बैलेंस बिगड़ा और वो दो पुलों के बीच में लटक गई। आधा हिस्सा पुल पर था और आधा हिस्सा हवा में लटकने लगा। जैसे ही हादसा हुआ, आसपास के लोग जुट गए।

### संभल मुस्लिमों ने स्वयं तोड़ी अवैध मस्जिद

**संभल।** संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के राया बुजुर्ग गांव में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने प्रशासनिक आदेशों का पालन करते हुए नियमों के विरुद्ध बनी गौसुलबरा मस्जिद को स्वयं बुलडोजर से गिराना शुरू कर दिया है। जिला प्रशासन ने चार दिन पहले ही मस्जिद को हटाने की अंतिम चेतावनी दी थी, और रविवार को समयसीमा पूरी होने से पहले ही ग्रामीणों ने अपनी ओर से कार्रवाई करते हुए मस्जिद को ढहाने की प्रक्रिया आरंभ कर दी।

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र. विद्युत/2025 दिनांक 26.09.2025

कार्यालय नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा लोक निर्माण विभाग (विद्युत कार्य) में एकीकृत पंजीयन प्रणाली सक्षम श्रेणी वर्ग डी एवं प्रवर श्रेणी में एवं छत्तीसगढ़ अनुज्ञापन मंडल (विद्युत) में उचित श्रेणी में विद्युतीकरण कार्य हेतु पंजीकृत/ए क्लास लाईसेंसी ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | कोरबा जोन के सड़क रोशनी का (डे-टू-डे) मरम्मत कार्य हेतु वार्षिक दर निर्धारण। (निगम मद) (प्रथम निविदा) | 87.59 | 22.10.2025 (T.No. 176564) |
| 2 | टी.पी. नगर जोन के सड़क रोशनी का (डे-टू-डे) मरम्मत कार्य हेतु वार्षिक दर निर्धारण। (निगम मद) (प्रथम निविदा) | 71.82 | 22.10.2025 (T.No. 176566) |
| 3 | कोसाबाड़ी जोन के सड़क रोशनी का (डे-टू-डे) मरम्मत कार्य हेतु वार्षिक दर निर्धारण। (निगम मद) (प्रथम निविदा) | 97.59 | 22.10.2025 (T.No. 176567) |
| 4 | आर.एस.एस. नगर जोन के सड़क रोशनी का (डे-टू-डे) मरम्मत कार्य हेतु वार्षिक दर निर्धारण। (निगम मद) (प्रथम निविदा) | 60.61 | 22.10.2025 (T.No. 176568) |
| 5 | बालको नगर जोन के सड़क रोशनी का (डे-टू-डे) मरम्मत कार्य हेतु वार्षिक दर निर्धारण। (निगम मद) (प्रथम निविदा) | 50.61 | 22.10.2025 (T.No. 176569) |
| 6 | दर्री जोन के सड़क रोशनी का (डे-टू-डे) मरम्मत कार्य हेतु वार्षिक दर निर्धारण। (निगम मद) (प्रथम निविदा) | 83.53 | 22.10.2025 (T.No. 176570) |
| 7 | सर्वमंगला नगर जोन के सड़क रोशनी का (डे-टू-डे) मरम्मत कार्य हेतु वार्षिक दर निर्धारण। (निगम मद) (प्रथम निविदा) | 52.20 | 22.10.2025 (T.No. 176570) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

**।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ।।**

**अधीक्षण अभियंता**
**नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**धार्मिक जुलूस में वैन घुसी, महिला की मौत-** बीड। महाराष्ट्र के बीड जिले में रविवार को नागनाथ मंदिर की ओर जा रहे श्रद्धालुओं के एक समूह को एक तेज रफ्तार पिकअप वैन ने टक्कर मार दी जिससे एक महिला की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए।

## राशिफल

**मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

# सरकारी क्वार्टर परिवार के लिए, जानवर पालना है तो किराए का मकान लो

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि सरकारी क्वार्टर परिवार के रहने के लिए हैं पालतू जानवरों के लिए नहीं। न्यायमूर्ति विवेक जैन ने जबलपुर स्थित व्हीकल फैक्ट्री के एक कर्मचारी की याचिका खारिज करते हुए यह टिप्पणी की जिसने पड़ोसियों की शिकायत के बाद क्वार्टर खाली करने के आदेश को चुनौती दी थी। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता को अन्य निवासियों की सुविधा के लिए नियमों का पालन करना होगा। कोर्ट ने कहा कि जानवर पालना है तो किराए का मकान लेकर अपना शौक व कर्तव्य पूरा करो। ऐसा भी नहीं है कि उसे इतने बड़े शहर में किराए पर मकान नहीं मिल रहा है। इस मत के साथ कोर्ट ने वह याचिका निरस्त कर दी, जो व्हीकल फैक्ट्री के आवासीय क्वार्टर को खाली कराने के आदेश के विरुद्ध दायर की गई थी। बता दें, व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर भारतीय सेना के लिए परिवहन वाहनों का निर्माण करने वाली आयुध निर्माणी बोर्ड के तहत एक उत्पादन इकाई है।




### किराए का मकान लेकर जताएं पशु प्रेम

दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक जैन की एकलपीठ ने अपनी टिप्पणी में कहा कि परिसर में रहने वाले को अन्य निवासियों की सुविधा के लिए निर्धारित अनुशासन का पालन करना जरूरी है। पड़ोसियों की शिकायत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यदि याचिकाकर्ता श्वान पालना चाहते हैं, तो वह किराए का मकान लेकर अपनी जिम्मेदारी निभा सकते हैं।

### भारत, ब्रिटेन ने शुरू किया समुद्र में बड़ा युद्धाभ्यास

**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन की नौसेनाओं ने समग्र सैन्य संबंधों को बढ़ावा देने के अपने लक्ष्य के अनुरूप पश्चिमी हिंद महासागर में आठ दिवसीय व्यापक युद्धाभ्यास शुरू किया। विमानवाहक पोत एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स के नेतृत्व में ब्रिटेन के 'कैरियर स्ट्राइक ग्रुप' को 'कोंकण' युद्धाभ्यास के लिए तैनात किया गया है। इस युद्धाभ्यास का उद्देश्य समुद्र में ब्रिटेन और भारतीय नौसेनाओं के बीच संयुक्त समुद्री और हवाई क्षमताओं को बढ़ाना है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**
E-mail id - nagarpalikakatghora@gmail.com

क्रमांक/1735/प्र.मं.आ.यो. 2.0/न.पा.प./2025 कटघोरा, दिनांक 15/09/25

**दावा आपत्ति आमंत्रण सूचना**


अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राज्य शहरी विकास अभिकरण, छत्तीसगढ़ इन्द्रावती भवन अटल नगर नवा रायपुर के पत्र क्रमांक/9/ सूडा/PMAY-U 2.0/2024-25/8794 दिनांक 13/03/2025 के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 सबके लिए आवास मिशन BLC घटक अंतर्गत स्वयं की भूमि पर काबिज हितग्राहियों को निर्धारित दिशा-निर्देश अनुसार कट-आफ तिथि दिनांक 31 अगस्त 2024 के पूर्व काबिज हितग्राहियों के आवेदन पत्रों पर नगर पालिका परिषद कटघोरा द्वारा हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त कर सर्वेकर्ता द्वारा सत्यापन किया जाकर डी.पी.आर. पट्टाधारी का कुल 22 हितग्राहियों की चतुर्थ सूची तैयार की गई है। उक्त हितग्राहियों का काबिज विवाद मुक्त होने पर उक्त हितग्राहियों का आवास स्वीकृति किया जाना है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति को प्रकाशित सूची में किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति हो तो 07 दिवस के भीतर नगर पालिका परिषद कटघोरा कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में दस्तावेज आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। उक्त तिथि उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी।

सूचना जाने

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कटघोरा**

## शब्द पहेली - 6010



**बाएँ से दाए**
1.उम्मीद,आशा-2
3.जी,चित्त-2
5.भस्म,ख़ाक-2
7.जाल,फंदा-2
9.चिंतन,सोचना-3
11.ठाठ-बाट-2
13.क्रिकेट में बनते हैं-2
15.एक राशि-3
17.काया,बदन-2
19.एक विदेशी शराब-2
22.बोलने का तरीका-3
24.शालीन,सभ्य-2
26.बल,ताकत-2
28.भैंस जैसा एक पशु-2
30.पुत्री की पुत्री-3
32.कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34.मोटा आटा-2
36.जुड़वा-3
38.आनंदित-2
41.नौकर,गुलाम-2
43.बूंद-3
45.लक्ष्मी,विष्णुप्रिया -2
47.जंगल,कानन-2
49.मेहंदी-2
51.दृष्टि,निगाह-3
53.बुरी आदत -2
55.बुढ़ापा -2
57.नमस्कार,प्रणाम -3
60.खुमार,सरूर -2
62.भीगा हुआ -2
64.पक्षाघात-3
66.चुनौती-2
67.ऋण,उधार -2
68.भूमि,जमीन-2
69.चस्का,बुरी आदत-2

**ऊपर से नीचे**
1.फलों का राजा-2
2.साजन,बलमा-3
4.खुमार-2
6.खच्चर,गधा-2
8.वहम,संदेह-2
10.अनुकृति-3
12.झुका हुआ-2
14.आदमी-2
16.वास करना-3
18.आकाश-2
20.घमंड-2
21.बदन-2
23.जातिवाद-3
25.पिघले पत्थर-2
27.रोग,-2
29.हाथ,टैक्स-2
31.लवण-3
33.ताकत-2
35.वचन-2
37.प्रयत्न-3
39.स्थिति -2
40.नवीन-2
42.सच्चा-2
44.राजा-3
46.हार-2
48.टौंटी-2
50.गुमान-2
52.पासों का खेल-3
54.काया-2
56.रात्रि-2
58.हुबहू-3
59. समय-2
61.सब्जी-2
63.गाड़ी-2
65.गैस-2

### शब्द पहेली- 6009 का हल



## सूडोकु नवताल 6020

★★★★★ कठिनतम




- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6019 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |





## चीन, इंडोनेशिया से इस्पात डंपिंग की जांच की शुरू

**नई दिल्ली।** भारत ने घरेलू कंपनियों की शिकायत के बाद चीन, इंडोनेशिया और वियतनाम से कुछ इस्पात वस्तुओं की कथित डंपिंग की जांच शुरू कर दी है। वाणिज्य मंत्रालय की इकाई व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने इन तीन देशों से '300 और 400 श्रृंखला के कोल्ड रोल्ड फ्लैट उत्पादों' के आयात की एंटी-डंपिंग जांच शुरू कर दी है। भारतीय स्टेनलेस स्टील डेवलपमेंट एसोसिएशंस (आईएसएसडीए) ने घरेलू कंपनियों की ओर से इसके लिए एक आवेदन किया है।

# एफएंडओ में बड़ा बदलाव! एनएसई ने निफ्टी समेत 4 इंडेक्सों का लॉट साइज घटाया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने इंडेक्स डेरिवेटिव ट्रेडिंग से जुड़ा बड़ा फैसला लिया है। अब निफ्टी और बैंक निफ्टी जैसे प्रमुख इंडेक्स में ट्रेडिंग के लिए कम लॉट साइज की जरूरत होगी, जिससे निवेशकों का मार्जिन घटेगा और ट्रेडिंग आसान बनेगी। एनएसई ने 3 अक्टूबर 2025 को जारी सर्कुलर में बताया कि प्रमुख इंडेक्स डेरिवेटिव्स के मार्केट लॉट को घटाया जा रहा है।

अब निफ्टी 50 के लॉट 75 से घटकर 65, बैंक निफ्टी के 35 से घटकर 30 और फिन निफ्टी के 65 से घटकर 60 हो जाएंगे। वहीं निफ्टी मिड सेलेक्ट के लॉट 65 से घटाकर 60 और मिडकैप निफ्टी के 140 से घटाकर 120 कर दिए गए हैं। इस बदलाव से छोटे निवेशकों के लिए इंडेक्स ट्रेडिंग अधिक सुलभ और किफायती हो जाएगी।

### यह बदला 28 अक्टूबर 2025 के अंत से प्रभावी होंगे

### ट्रेडिंग में बढ़ेगी लिक्विडिटी और पारदर्शिता

विशेषज्ञों के अनुसार, एनएसई का यह कदम बाजार की लिक्विडिटी बढ़ाने और छोटे निवेशकों को आकर्षित करने के लिए उठाया गया है। कम लॉट साइज का मतलब है कि निवेशक कम पूंजी में भी इंडेक्स फ्यूचर्स और ऑप्शंस में हिस्सा ले सकेंगे। साथ ही, डेरिवेटिव मार्केट में पारदर्शिता बढ़ेगी और ट्रेडिंग वॉल्यूम में इजाफा होने की संभावना है।




### निफ्टी नेक्स्ट 50 के लॉट साइज में कोई बदलाव नहीं

एनएसई ने यह भी स्पष्ट किया कि निफ्टी नेक्स्ट 50 के लॉट साइज में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वह पहले की तरह 25 ही रहेगा। एनएसई का यह फैसला भारतीय डेरिवेटिव मार्केट में एक अहम बदलाव माना जा रहा है। इससे न केवल छोटे निवेशकों को फायदा होगा, बल्कि बाजार में नई ऊर्जा और प्रतिस्पर्धा भी देखने को मिलेगी।

### 28 अक्टूबर से लागू होंगे नए नियम

एनएसई ने बताया कि यह बदलाव 28 अक्टूबर 2025 के अंत से प्रभावी होगा। हालांकि, दिसंबर 2025 तक चलने वाले साप्ताहिक और मासिक कॉन्ट्रैक्ट्स पर पुराने लॉट साइज ही लागू रहेंगे। नए लॉट साइज का प्रभाव दिसंबर 2025 के बाद आने वाले क्वार्टरली और हाफ-ईयर कॉन्ट्रैक्ट्स पर पड़ेगा। इस तरह निवेशकों को नए सिस्टम के अनुकूल होने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा।

# दिवाली पर यात्रा में रिकॉर्ड उछाल, भारतीयों ने त्योहार को आस्था और सैर-सपाटे से जोड़ा

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस साल दीपावली के मौके पर देश में त्योहारी यात्रा में रिकॉर्ड वृद्धि देखने को मिल रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि यात्री अब पारंपरिक पारिवारिक समारोहों को लक्जरी छुट्टियों और आध्यात्मिक यात्राओं के साथ जोड़ रहे हैं। ऐसे में ऑनलाइन यात्रा मंचों पर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बुकिंग में जबरदस्त उछाल आया है।

- यात्री पारंपरिक समारोह को लक्जरी छुट्टियों के साथ जोड़ रहे

मेकमाईट्रिप के सह-संस्थापक और समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजेश मागो ने कहा कि दोस्तों और रिश्तेदारों से मिलने जाना अब भी त्योहारों के समय यात्रा का सबसे बड़ा कारण बना हुआ है। उन्होंने बताया कि कई भारतीय दिवाली मनाने के लिए अपने गृहनगर लौटते हैं। मागो ने कहा, ''इसलिए सबसे ज्यादा बुक किए गए शीर्ष 10 गंतव्यों में से पांच महानगर हैं (दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई)। इस साल चूंकि त्योहार सप्ताह के शुरुआती दिनों में पड़ रहा है, इसलिए कई यात्री लंबी छुट्टियों का आनंद लेने के लिए उससे पहले वाले शुक्रवार से ही अपनी यात्रा की बुकिंग कर रहे हैं।''



- घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बुकिंग में जबरदस्त उछाल आया
- दोस्तों और रिश्तेदारों से मिलने जाना त्योहारों में सबसे बड़ा कारण

### 12 दिन की लंबी छुट्टियां ले रहे

काले ने बताया, ''अब यात्री तीन दिन की पारंपरिक छुट्टियों की बजाय छह से 12 दिन की लंबी छुट्टियां ले रहे हैं। स्कूल की छुट्टियों का लाभ उठाकर कई पीढ़ी वाले परिवार यात्रा पर निकल रहे हैं, जबकि युवा और कामकाजी लोग सप्ताहांत और त्योहारों की छुट्टियों को जोड़कर छुट्टियों को लंबा बना रहे हैं।''

### कम दूरी के देश बने पसंदीदा

शीर्ष अंतरराष्ट्रीय पसंदीदा देशों में यूरोप के स्विट्जरलैंड, फ्रांस, इटली, ऑस्ट्रिया, स्पेन और पुर्तगाल शामिल हैं। काले ने कहा कि कम दूरी के पसंदीदा देशों में वियतनाम, ओमान, मालदीव और बाली शामिल हैं तथा कंबोडिया भी मजबूती से उभर रहा है। काले ने कहा कि थाईलैंड, मलेशिया, श्रीलंका, नेपाल, भूटान, दुबई-अबू धाबी, इंडोनेशिया और फिलीपींस जैसे वीजा मुक्त और आसान वीजा गंतव्यों से मांग में वृद्धि जारी है। उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर यात्री केरल, राजस्थान, उत्तराखंड, अंडमान और चार धाम कैलाश मानसरोवर, अयोध्या और वाराणसी जैसे आध्यात्मिक स्थलों को चुन रहे हैं।

## वोस्ट्रो खाते से कॉरपोरेट बांड में निवेश की मंजूरी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने देश से बाहर रहने वाले व्यक्तियों को विशेष रुपया वास्ट्रो खातों के जरिये कॉरपोरेट ऋण प्रतिभूतियों में निवेश करने की मंजूरी दे दी। इससे पहले, ऐसी संस्थाओं को केवल ट्रेजरी बिलों समेत केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों में अपने खाते के अधिशेष रुपये का निवेश करने की मंजूरी थी। आरबीआई ने कहा, 'अब यह निर्णय लिया गया है कि इस शेष राशि को किसी भारतीय कंपनी द्वारा जारी गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर/बॉन्ड और वाणिज्यिक पत्रों में भी निवेश करने की अनुमति दी जाए।'



## मारुति चार लाख वाहनों के निर्यात का आंकड़ा हासिल करने की राह पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मारुति सुजुकी इंडिया चालू वित्त वर्ष 2025-26 में चार लाख से ज्यादा वाहनों का निर्यात करने की राह पर है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार अप्रैल-सितंबर में कंपनी ने पहले ही दो लाख से ज्यादा वाहनों का निर्यात कर दिया है।

- अप्रैल-सितंबर में कंपनी ने पहले दो लाख से ज्यादा वाहनों का निर्यात किया

देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी ने सितंबर में निर्यात में सालाना आधार पर 52 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है और यह 42,204 इकाई रहा। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह आंकड़ा 27,728 इकाई था। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (कॉरपोरेट मामले) राहुल भारती ने कहा, ''पहली तिमाही में हमने लगभग 1.10 लाख इकाइयों का निर्यात किया और पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में हमने 2.07 लाख से ज्यादा इकाइयों का निर्यात किया। इसलिए, हम अपने चार लाख इकाइयों के पूर्वानुमान को हासिल करने की राह पर हैं।'' अधिकारी ने बताया कि कंपनी का निर्यात निकटतम घरेलू प्रतिस्पर्धी के निर्यात से दोगुने से भी ज्यादा है। भारती ने कहा, ''आम तौर पर, हम कड़ी प्रतिस्पर्धा की बात करते हैं। बाजार में 18 कंपनियां हैं... मारुति सुजुकी का निर्यात देश में हमारे निकटतम निर्यातक से दोगुने से भी ज्यादा है।''

**मुक्त व्यापार समझौते से निर्यात में सुधार :** भारती ने कहा कि भारत के हालिया मुक्त व्यापार समझौतों ने भी कार निर्यात में सुधार लाने में मदद की है। अप्रैल-सितंबर के दौरान कंपनी के लिए दक्षिण अफ्रीका, जापान, सऊदी अरब, चिली और कोलंबिया सबसे अच्छे निर्यात बाजार रहे।



### मारुति निकटतम कंपनी पर निर्यात में भारी

भारती ने आगे कहा कि घरेलू बिक्री की तरह ही, अब वाहन निर्माता कंपनी विदेशी निर्यात में भी अपने निकटतम कंपनी पर भारी बढ़त बनाए हुए है। उन्होंने कहा, ''एक और दिलचस्प बात यह है कि निर्यात में लगातार वृद्धि हो रही है। मुझे याद है कि लगभग चार साल पहले हम एक साल में लगभग एक लाख इकाई निर्यात करते थे। इस बार दूसरी तिमाही में यह आंकड़ा एक लाख इकाई से ज्यादा है।'' वित्त वर्ष 2020-21 में कंपनी का कुल निर्यात 96,139 इकाई था।





| MODEL | 125 CF | 150 | NS 125 | N160 | NS 160 | NS 200 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 100% GST लाभ | ₹8 045/-* | ₹10 249/-* | ₹9 376/-* | ₹11 640/-* | ₹11 840/-* | ₹13 017/-* |
| PF + इंश्योरेन्स सेविंग्स | ₹2 900/-* | ₹3 700/-* | ₹3 400/-* | ₹4 200/-* | ₹4 300/-* | ₹4 700/-* |
| हैट-ट्रिक सेविंग्स | ₹10 945/-* | ₹13 949/-* | ₹12 776/-* | ₹15 840/-* | ₹16 140/-* | ₹17 717/-* |

10 YEAR WARRANTY
BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE
72198 21111
HDFC BANK | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. हैट-ट्रिक सेविंग्स 22 सितंबर 2025 से मान्य. कुल सेविंग्स में शामिल है 100% GST लाभ, (एक्स शोरूम कीमत और लागू होने वाले RTO टैक्स पर), शून्य प्रोसेसिंग फी, और 1 साल का ओन डैमेज इंश्योरेन्स. शून्य PF और OD पर सेविंग्स फ़ायनान्सर/ इंश्योरेन्स-कर्ता पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. 5 वर्ष की स्टैण्डर्ड वॉरंटी + 5 वर्ष की विस्तारित वॉरंटी @ ₹999/-. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, नियंत्रित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें.

**Authorized Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Bilaspur:** Tifra Over bridge TRIPUR BAJAJ 9752133444, 9754033444 • Naya Sarkanda KHANDELWAL BAJAJ 9300998989, 9165555222 • Old Bus Stand TRIPUR BAJAJ 7999848912, • **Mungeli** : KHANDELWAL BAJAJ 9399021705, 07755299124 • **Lormi** : KHANDELWAL BAJAJ 9399021701 • **Ambikapur** LAXMI BAJAJ 9074816511, 9754830536 • **Janjgir** SHREE SALASAR BAJAJ 9179981000 • **Champa** 8319235702 • **Korba** TIRUPATI BAJAJ 6232103042, 7879313041 • **Dipka** TIRUPATI BAJAJ 9302444204, **Jamnipali** TIRUPATI BAJAJ 6232123757 • **Raigarh** JINDAL BAJAJ 9589905646,7067109202 • **Jashpur** JINDAL BAJAJ 8817775566, **Baikunthpur** KOREA BAJAJ 9752949291.

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### मैनपुर इलाके में...

हाथी प्रभावित ग्रामों में पहुंचकर जमकर आंतक मचा रहे हैं। अब तक हाथियों के दल के द्वारा 200 से ज्यादा एकड़ धान एवं मक्का की फसल को बुरी तरह चौपट किया है। इसी तरह दलहन, तिलहन को भी नष्ट कर रहा है। कच्चे मकान और झोपडियों को तोड़फोड़ कर रहा है।

### चिल्फी नेशनल हाईवे...

ग्राम अकलघरिया के पास विपरीत दिशा से आ रही एक रॉंग साइड ट्रक से तेज रफ्तार बोलेरो वाहन की सीधी भिड़ंत हो गई। दोनों वाहनों के बीच हुई टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो वाहन के परखच्चे उड़ गए और वाहन में सवार तीन महिला, एक पुरुष और एक बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। घटना के बाद राहगीरों ने इसकी सूचना तत्काल चिल्फी पुलिस को दी।

### वांगचुक ने कहा-...

कार्यकर्ता के बड़े भाई के. सेतन दोरजे ले के साथ शनिवार को राजस्थान की जोधपुर जेल में उनसे मुलाकात की। संदेश में वांगचुक ने कहा कि 24 सितंबर की हिंसा के दौरान चार लोगों के मारे जाने की जब तक स्वतंत्र न्यायिक जांच नहीं हो जाती, तब तक 'मैं जेल में रहने के लिए तैयार हूं। उन्हें 26 सितंबर को कड़े राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत लेह में हिरासत में लिया गया था। इससे दो दिन पहले केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची के दर्जे की मांग को लेकर हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए थे। इस प्रदर्शन में चार व्यक्तियों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। अधिकारियों ने वांगचुक पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया है। 'लेह एपेक्स बॉडी' के कानूनी सलाहकार हाजी मुस्तफा ने रविवार को वांगचुक से मिलने के बाद, सोशल मीडिया मंच 'एक्स' और फेसबुक सहित अपने निजी सोशल मीडिया अकाउंट पर वांगचुक का 'संदेश' पोस्ट किया। वांगचुक ने कहा, ''मैं शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से ठीक हूं तथा सभी की चिंता और प्रार्थनाओं के लिए धन्यवाद देता हूं। जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई, उनके परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है और जो लोग घायल तथा गिरफ्तार हुए हैं, उनके लिए मैं प्रार्थना करता हूं।

### छिंदवाड़ा के बाद...

जबलपुर से कफ सिरप भेजने वाली फर्म की दुकान और गोदाम सील करने के साथ ही प्रकरण की जांच के लिए एसआईटी का भी गठन किया गया है। इस नई घटना के बाद देश के कई राज्यों में हड़कंप मच गया है और प्रशासन ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। मप्र के अलावा तमिलनाडु में भी जांच होगी। इधर, केरल, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, तेलंगाना में सिरप को लेकर कार्रवाई चल रही है। जानकारी के अनुसार, बैतूल में जिन दो बच्चों की मौत हुई, उनका इलाज स्थानीय चिकित्सक डॉ. प्रवीन सोनी के यहां चल रहा था। इलाज के दौरान दोनों को कोलड्रिफ सिरप दी गई थी। सिरप पीने के कुछ दिनों बाद दोनों की तबीयत अचानक बिगड़ गई और किडनी फेल होने से उनकी मौत हो गई। यह वही सिरप है जिससे पहले मध्य प्रदेश में 14 बच्चों की मौत हुई थी और आठ अन्य बच्चे अब भी नागपुर के अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। छिंदवाड़ा के एडीएम धीरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को मुआवजा राशि पहुंचा दी है। पूरे मामले की गहराई से जांच के लिए विशेष जांच दल गठित की गई है, जो अब तमिलनाडु रवाना हो रही है, क्योंकि दवाई की खेप चेन्नई से जबलपुर होते हुए छिंदवाड़ा पहुंची थी। एसआईटी दवा की सप्लाई चेन और निर्माण प्रक्रिया की जांच करेगी, ताकि यह पता लगाया जा सके कि जहरीली सिरप की जिम्मेदारी आखिर किसकी है।

### रेत की होगी...

महत्वपूर्ण एमओयू हुआ। साथ ही पांच माइनिंग ब्लॉकों की एनआईटी जारी की गई। 9 खदानों को प्रिफर्ड बिडर आदेश प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री श्री साय ने खनिज ऑनलाइन 2.0, डीएमएफ पोर्टल तथा रेत खदानों की ऑनलाइन नीलामी के लिए रिवर्स ऑक्शन पोर्टल का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा, क्लीन एनर्जी के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने हेतु आईआईटी रुड़की और आईएसएम धनबाद के साथ भी समझौता है। **60 खनिज ब्लॉक्स की नीलामी पूरी** –मुख्यमंत्री ने कहा, इस वर्ष डीएमएफ से 1,673 करोड़ रुपए का अंशदान प्राप्त हुआ, जिससे 9,362 विकास कार्य स्वीकृत किए गए। वर्ष 2024-25 में राज्य को 14,195 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड राजस्व प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा, यह गर्व का विषय है कि छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जिसने लिथियम ब्लॉक की नीलामी की है। अब तक 60 खनिज ब्लॉक की नीलामी पूरी हो चुकी है और पांच नए ब्लॉक की निविदा आज जारी की गई है। यह पारदर्शी प्रक्रिया राज्य के आर्थिक विकास में मील का पत्थर सिद्ध होगी। **रेत खदानों के नीलामी, एमएसटीसी से एमओयू** –
राज्य सरकार ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की अवधारणा को साकार करते हुए रेत खदानों की पारदर्शी और निष्पक्ष नीलामी के लिए भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रम एमएसटीसी के साथ एमओयू किया है। मुख्यमंत्री साय ने आज एमएसटीसी द्वारा निर्मित रिवर्स ऑक्शन पोर्टल का शुभारंभ किया। मुख्य खनिजों की तर्ज पर राज्य में गौण खनिज खदानों में भी स्टार रेटिंग प्रणाली के अंतर्गत समुचित एवं वैज्ञानिक पद्धति से खनन को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। पर्यावरण, प्रदूषण नियंत्रण और सुरक्षा मानकों का पालन कर बेहतर कार्य करने वाली 43 खदानों को स्टार अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

### खनन से राजस्व...

क्रिटिकल ओवर री-साइक्लिंग और ई-वेस्ट मैनेजमेंट पर भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा, प्रदेश में 28 प्रकार के खनिजों का खनन होता है, जिनमें टिन, बॉक्साइट, कोयला, लाइमस्टोन और आयरन ओर प्रमुख हैं।

### मैट्रिमोनियल साइट ...

की है। ठगी के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने ओडिशा, बलांगीर निवासी गजसिंघ सुना, गुजरात द्वारिका निवासी भीखू सचदेव, बिलासपुर, तखतपुर निवासी साहिल कौशिक तथा रायपुर कटोरा तालाब निवासी हर्षित शर्मा को गिरफ्तार किया है। रेंज साइबर पुलिस के अनुसार, डीडीनगर में 79 तथा आजाद चौक थाने में 17 म्यूल अकाउंट के खिलाफ दर्ज रिपोर्ट की जांच के दौरान रेंज साइबर पुलिस ने इन म्यूल अकाउंट में रायपुर के अलग-अलग बैंकों से लाखों रुपए ट्रांजेक्शन होना पाया। इसके बाद रेंज साइबर पुलिस ने जिन लोगों द्वारा रकम ट्रांसफर की गई है, उनके बारे में जानकारी जुटाई। जांच में मैट्रिमोनियल साइट द्वारा रकम ट्रांसफर करने की जानकारी मिली। **ऐसे करते थे ठगी**– जालसाज लोगों के पास ऑनलाइन संपर्क करते थे। रिश्ता तय करने के एवज में जो फीस की राशि ली जाती थी, वह जालसाज ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करते थे। रिश्ता तय करने लोगों को अपनी मैट्रिमोनियल साइट में जुड़ने के लिए कहते थे। जो जुड़ने के लिए इच्छुक होते थे, उन्हें जालसाज एपीके फाइल भेज रकम ट्रांसफर करने के लिए कहते थे। कोई रकम ट्रांसफर करता था तो जालसाज मोबाइल हैक कर देख लेते थे। **चीन भेजते थे कमीशन** –रेंज साइबर पुलिस ने अपनी जांच में पाया है कि जालसाज ठगी करने चाइनीज एपीके फाइल का उपयोग करते थे। एपीके फाइल उपयोग करने के एवज में जालसाज चीन में बैठे लोगों को ठगी की रकम में से 20 से 30 प्रतिशत राशि कमीशन के तौर पर देते थे। जालसाज रायपुर में पिछले एक वर्ष से ऑफिस खोल ठगी की दुकान चला रहे थे। देश के अलग-अलग राज्यों के पांच सौ से ज्यादा लोगों को ठगी का शिकार बना चुके हैं। **इन तीन नामों से संचालित मैट्रिमोनियल साइट** –जांच में पता चला कि जालसाज ई-रिश्ता डॉट कॉम के अलावा जीवन जोड़ी तथा रॉयल रिश्ते डॉट कॉम के नाम से साइट बनाकर लोगों के साथ ठगी कर रहे थे। अपनी इन फर्जी वेबसाइट्स के माध्यम से जालसाज लोगों को वर-वधू के फर्जी फोटो ऑनलाइन दिखाकर ठगी का शिकार बना रहे थे। जालसाजी की घटना में शामिल दो अन्य जालसाजों की रेंज साइबर पुलिस पतासाजी कर रही है।

### मधुमक्खी के हमले...

परिजनों को फोन किया, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान आज सुबह एक महिला सुशीला देवांगन की उपचार के दौरान मौत हो गई।

### मोबाइल चार्जर से...

भी दिया था, जो बाद में जांच की सबसे अहम कड़ी साबित हुआ। उसी के जरिए पुलिस उस तक पहुंच पाई है। दरअसल, जुलाई में शुरू किए गए आतंकवाद-रोधी अभियान 'ऑपरेशन महादेव' के दौरान श्रीनगर के बाहरी इलाके जबरवान पहाड़ियों की तलहटी में तीनों आतंकियों का खात्मा हुआ था। घटनास्थल से पुलिस को जो सामग्री मिली, उसमें एक आंशिक रूप से जला हुआ मोबाइल चार्जर भी था। यही मामूली सा सबूत पुलिस को उस नेटवर्क तक ले गया, जो पहलगाम हमले की साजिश का हिस्सा था।

# आगामी सप्ताह सोने के दाम अस्थिर रहने का अनुमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



आने वाले सप्ताह में सोने के दाम अस्थिर रह सकते हैं, क्योंकि निवेशक अमेरिकी सरकार के वित्त पोषण विधेयक, श्रम बाजार के आंकड़ों और फेडरल रिजर्व के बयानों पर नजर रखेंगे। विश्लेषकों ने यह जानकारी दी।

- निवेशक, श्रम बाजार व फेड के बयानों पर नजर रखेंगे

विश्लेषकों ने कहा कि बृहस्पतिवार को फेडरल ओपन मार्केट कमेटी की बैठक के विवरण जारी होने से भी सर्राफा बाजार की धारणा प्रभावित होने की संभावना है। जेपीएम फाइनेंशियल सर्विसेज के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, आने वाला सप्ताह अपेक्षाकृत कम आंकड़ों वाला है, लेकिन अस्थिरता ज्यादा रहने की उम्मीद है। मुनाफावसूली बढ़ सकती है, जिसके बाद नए सिरे से खरीदारी भी हो सकती है।

आने वाले सप्ताह में ध्यान अमेरिकी सरकार के वित्त पोषण विधेयक पर रहेगा, जबकि आंकड़ों के मोर्चे पर श्रम बाजार पर नजर होगी। उन्होंने कहा, ''फेडरल रिजर्व की आधिकारिक टिप्पणी पर बृहस्पतिवार को फेड प्रमुख जेरोम पॉवेल के भाषण के साथ कड़ी नजर रहेगी।'' मेर ने कहा कि पिछले सप्ताह सोने की कीमतों में 3.5 से 4 प्रतिशत और वृद्धि हुई है।

#### पिछले सप्ताह सोने की कीमतों में 2.8 फीसदी की वृद्धि

अल्फा मनी में इक्विटी और पीएमएस के प्रबंध साझेदार ज्योति प्रकाश ने कहा कि पिछले सप्ताह सोने की कीमतों में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उन्होंने बताया कि एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में बढ़ती हिस्सेदारी, केंद्रीय बैंकों की संभावित नई मांग और सट्टेबाजी की मजबूत स्थिति सोने की कीमतों में इस उछाल को बढ़ावा दे रही है।

सभी प्रकार की एलर्जी | डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद | आयुष्मान कार्ड सुविधा | SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

हरिभूमि छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
THE DIAGNOSTIC CARE
दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेसिलिटी डायग्नोस्टिक
मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेसिलिटी डायग्नोस्टिक
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बूढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773

असली केंदवा मलहम — दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
सीला मलहम — अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** जायसवाल स्टील फर्म में बिल्डिंग मटेरियल फील्ड कार्य हेतु अनुभवी सेल्स मैनेजर की आवश्यकता है एमबीए पास व्यक्ति को प्राथमिकता दी जाएगी वेतन योग्यतानुसार संपर्क करें 7722890905 (38841)

**आवश्यकता है-** आफिस कार्य, बिलिंग, प्रोडक्ट मैनैजमेंट हेतु अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर चाहिए योग्यता डीसीए, बीसीए वेतन योग्यता अनुसार बायोडाटा सहित सुबह एवं शाम 6बजे से 10बजे तक सम्पर्क करें- शिवा इन्टरप्राइजेस अरपा काम्प्लेक्स पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 9893081826, 70677 124226 (38842)

**आवश्यकता है-** सुबह से शाम तक घर में सात्विक शाकाहारी खाना बनाने एवं घरेलू कार्य हेतु पुरुष एवं महिला कुक चाहिए। शिक्षा 12वीं वेतन योग्यता अनुसार पता- वी-18, आदर्श कॉलोनी पुराना हाईकोर्ट बिलासपुर 8319817966, 9893081826 (38843)

**आवश्यकता है-** फर्नीचर दुकान में कार्य करने हेतु युवक की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार कार्य का समय सुबह 9:30 से रात 9बजे तक सम्पर्क करें- विश्वकर्मा इंडस्ट्री 27खोली चौक बिलासपुर 9827168412 (38844)

**आवश्यकता है-** थोक दवाई एजेन्सी में कार्य करने हेतु एकाउंटेंट माल निकालने पैकिंग करने हेतु लड़के, लड़कियां एवं ड्राइवर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गायत्री मेडिकल एजेन्सी मेडिकल काम्पलेक्स तेलीपारा बिलासपुर 98271 22105 (38845)

**आवश्यकता है-** OMI Company में ऑफिस हेतु लड़के लड़कियां चाहिए योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट, उम्र 18 से 28, आय 8500 से 18000, रहना खाना, पता- न्यू बस स्टैण्ड, तिफरा बिलासपुर 8818877406, 96444 33021 (38821)

**आवश्यकता है-** कानूनी पुस्तको की बिक्री हेतु लड़के लड़कियां चाहिए उम्र का बन्धन नहीं वेतन 6000 से 10000+ कमीशन पता- आदर्श लॉ हाउस डीपी कॉलेज के सामने पुराना हाईकोर्ट रोड बिलासपुर 9827079947 (38835)

**आवश्यकता है-** सीसीटीवी कैमरा की वायरिंग एवं फिटिंग के लिए युवकों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- पारस इन्टरप्राइजेस, गुप्ता गली टिकरापारा मन्नू चौक बिलासपुर 9425530470, 9893281946 (38831)

**आवश्यकता है-** फुटवियर शॉप में काम करने हेतु अनुभवी सेल्समेन सेल्सगर्ल, बिजी एकाउंट हेतु आवश्यकता है बॉयोडाटा सहित सम्पर्क करें- चरण स्पर्श शूमॉल रघुराज सिंह स्टेडिम के सामने बिलासपुर 9300300333, 88899 00889, 07752407333 (38834)

**आवश्यकता है-** हमारे नए आउटलेट कोरबा में काम करने के लिए स्टाफ की आवश्यकता है। योग्यताएं- न्यूनतम 10वीं पास आयु 21 से 28वर्ष, चयनित उम्मीदवार को एक हफ्ते के लिए दिल्ली ट्रेनिंग पर जाना अनिवार्य होगा पद- आउटलेट स्टाफ, स्थान- कोरबा इच्छुक उम्मीदवार तुरन्त सम्पर्क करें- हर्ष बजाज 7987499961 (38818)

**आवश्यकता है-** रेडिमेड कपड़ा शोरूम में बच्चो का एवं मेन्स वीयर काउंटर संभालने हेतु 3वर्ष अनुभवी युवक सेल्समैन चाहिये वेतन 10000 से अधिक सम्पर्क करें- नेशनल होजयरी NX सदर बाजार बिलासपुर (38822)

**आवश्यकता है-** रेडीमेड कपड़ा शोरूम में कार्य हेतु अनुभवी सेल्समैन एवं सेल्सगर्ल की आवश्यकता है।वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सारथी रेडीमेड, श्रीराम मार्केट अग्रसेन चौक बिलासपुर 8319617107, 9424153521 (38813)

**आवश्यकता है-** रेडीमेड शोरूम में काम करने हेतु अनुभवी सेल्सगर्ल की अतिशीघ्र आवश्यकता है सम्पर्क करें- राजलक्ष्मी गर्ल्स एण्ड किड्स वियर सिटी कोतवाली के सामने बिलासपुर 9977408030 (38836)

**आवश्यकता है-** इलेक्ट्रीकल दुकान में काम करने हेतु चार सामान्य लड़के चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- गौरव इलेक्ट्रीकल्स एण्ड फैन्सी लाइट्स, संजय तरण पुष्कर के पास मुंगेली नाका चौक बिलासपुर 07752 420149 (38837)

**आवश्यकता है-** महिला PA, ऑफिस कार्य, कम्प्यूटर ऑपरेटर (XL, Word, email, हिन्दी से इंग्लिश लेटर टाइपिंग), आफिस साफ सफाई चाय पानी पुरुष मेडिकल मशीन की मार्केटिंग, सर्विस इंजीनियर, ऑर्थोपेडिक एवं TKR THR JOINTS की सर्जरी कराने, ड्राइवर Ecco I10 Nexon चलाने वेतन- 8000 से 30000 पता- भारत मेडिकल सिस्टम, MIG 70, नेहरू नगर, बिलासपुर 9326609234 (38817)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य और साफ सफाई करने हेतु लड़के लड़कियों एवं सिलाई कार्य करने हेतु लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 8770068557 (38840)

**आवश्यकता है-** सलवार सूट लहंगा ब्लाउज गाउन सिलाई करने वाले महिला एवं पुरुष की आवश्यकता है वेतन 25000 से 30000 सम्पर्क करें- परफेक्ट बुटिक मुंगेली नाका बिलासपुर 7389444785 (38828)

**आवश्यकता है-** मेडिकल इक्विपमेंट चिकित्सा उपकरण की मार्केटिंग के लिए लड़के की आवश्यकता है संपर्क करें एजी इंटरप्राइजेस चंदेला नगर बिलासपुर 9329358582, 8435958582 (25248)

**आवश्यकता है-** श्याम इन्टरप्राइजेज में पैकिंग कार्य, कॉपी बनाने अन्य कार्य हेतु लड़के चाहिए वेतन योग्यता अनुसार (समय 10am to 7pm) सम्पर्क करें- साइंस कॉलेज के पास सीपत रोड सरकंडा बिलासपुर 75872 03133 (38824)

**आवश्यकता है-** बिजली का काम करने इलेक्ट्रीशियन, हेल्पर दुकान कार्य के लिए लडके, लड़की, डाटा एंट्री हेतु स्टाफ चाहिए सम्पर्क करे- सूरज इलेक्ट्रीकल्स C-21, नेताजी कॉम्प्लेक्स मन्दिर चौक जरहाभाठा बिलासपुर 9301586381, 9827181236 (38826)

**आवश्यकता है-** साईड में सुपरवाइजर की आवश्यकता है योग्यता 5वर्ष साईड वर्क, इच्छुक व्यक्ति नीचे दिए गए मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क करें 8269208555 (38820)

**आवश्यकता है-** मेडिकल/ इलेक्ट्रीकल एजेन्सी में काम करने हेतु मार्केटिंग सेल्स कम्प्यूटर आपरेटर एवं आफिस गोडाउन शोरूम में काम करने हेतु कर्मचारी चाहिए सम्पर्क करें- गणपति ट्रेडर्स मंगला चौक बिलासपुर 92016 66660 (38812)

**आवश्यकता है-** रियल स्टेट के लिए टेलीकॉलिंग कार्य के अनुभवी लड़कियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें- शुभम श्रीवास्तव, उस्लापुर 9111880000 (38815)

**आवश्यकता है-** एक रसोईया माली और ड्राइवर चाहिए और झाड़ू पोंछा आदि काम करने हेतु महिला या चौकीदार जो रहकर काम कर सके बिलासपुर में आवश्यकता है आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- 94061 57765 (38814)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु हिन्दी अंग्रेजी टाइपिंग, वर्ड एक्सेल, टेंडर कार्य में 5वर्ष अनुभवी कम्प्यूटर आपरेटर। वेतन योग्यतानुसार पता श्रीसाईं सिक्युरिटी, जेजे. हॉस्पिटल के बाजू तोरवा बिलासपुर 9993057964, 82530 10291, 8085233213, 7417526041 (38808)

**आवश्यकता है-** अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या-1270 वनरक्षक फील्डऑफिसर माली वनसिपाही रिटायर फौजी सैलरी (25500+52500) पढ़ाई 8-वी से स्नातक रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने हेतु आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे सचिन शर्मा-7054311719 (1133)

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित कम्पनी को पैथालाजी सामग्री की मार्केटिंग हेतु सेल्स एक्जीक्यूटिव की आवश्यकता है । सम्पर्क करें- मातुश्री ट्रेडिंग कम्पनी गुम्बर पेट्रोल पम्प के सामने व्यापार विहार रोड बिलासपुर (38823)

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट हेतु पक्की परमानेंट नौकरी बिना इंटरव्यू आठवीं पास ग्रेजुएट लड़के लड़कियां( 24500 64500) महीना लोडर, चैकर, सुपरवाइजर, रहना - खाना, फंड -बोनस।- 92050 91963 (1182)

**आवश्यकता है-** बिलासपुर के बहू प्रतिष्ठित संस्थानों में भारी मात्रा में सुरक्षा गार्ड एवं पशु चिकित्सालय में काम करने, पशुओं की देखभाल करने हेतु 30 कर्मचारी की आवश्यकता है PF, ESIC इत्यादि। सम्पर्क करें- रिलायबल सर्विसेज जी 18 ग्राउण्ड फ्लोर अम्बे प्लाजा हाईटेक बस स्टैण्ड के सामने तिफरा बिलासपुर 99816 14171, 9202580757, 9522250437 (38846)

**आवश्यकता है-** टेरेस गार्डन रेस्टोरेन्ट में काम करने हेतु चाइनीस कॉन्टीनेंटल कुक की आवश्यकता है अनुभव 2वर्ष से ऊपर पेमेन्ट 15000 से 20000 तक सम्पर्क करें- 9977861508 (38827)

## बेचना

**बेचना है-** हर्षफिनिक्स सिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड49 बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 2/3/4BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफोर्डेबल फ्लैट टाउनकंट्री रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एसके बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 (38649)

**बेचना है-** परसदा (सकरी) कोटा मोड़ दीनदयाल हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से लगे सर्वसुविधायुक्त 2BHK मकान 25 लाख एवं 3BHK मकान 27 लाख में उपलब्ध हैं। बुकिंग कराने हेतु सम्पर्क करें- 9884261185, 982740 4638 (38838)

**बेचना है-** मोपका (चिल्हाटी) LIC city (साईं विहार कॉलोनी) में TNC रेरा एप्रूव्ड, रेडी पोजीशन में 3BHK मकान 44 लाख में उपलब्ध है बुकिंग कराने हेतु सम्पर्क करें- 9827404638, 90391 04638 (38839)

**बेचना है-** बिलासपुर प्राइम लोकेशन नेहरू नगर स्मार्ट रोड से 50मी. सेमीकमर्शियल 600 sqft जमीन पर 3मंजिला 2000 sqft बना नक्शा पास स्वतंत्र बिल्डिंग सामने एवं पीछे से सीढ़ी, अलग से दो कार पार्किंग की जगह बेचना है। सीए ऑफिस, एडवोकेट चेम्बर, कॉरपोरेट ऑफिस, कम्प्यूटर क्लासेस, नीचे आफिस ऊपर रेसिडेंस हेतु अतिउत्तम। सम्पर्क- Ghosh Associates 94252 20523, 9893386286 (38832)

**बेचना है-** महाराणा प्रताप चौक साईं बाबा हॉस्पिटल के पास 2BHK मकान 22×45 ईस्ट फेसिंग 55 लाख में बेचना है (लोन सुविधा उपलब्ध) सम्पर्क करें- 6265041277, 8461997770 (38825)

**बेचना है-** शिवम रेसीडेंसी नेहरू नगर 3BHK फ्लैट 46लाख) (जूना बिलासपुर मेन रोड डबल स्टोरी दुकान 86लाख) (पाम इंक्लेव सरकंडा 3BHK फ्लैट) (प्रताप चौक दुकान 25लाख) सम्पर्क करें- राजेश श्यामनानी 9827168452, 93006 25174 (38819)

## फायनेंस

**फायनेंस-** जन कल्याण योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर 50,000/- से 15 लाख तक 1% ब्याज वार्षिक प्रॉपर्टी, पर्सनल, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए संपर्क:- 92893 84524. (304)

## व्यापार

**व्यापार-** जुड़िये ऐसे आकर्षक व्यवसाय से जो बिना रिस्क आपको घर बैठे दें सकता है 30000- 50000 प्रतिमाह आमदनी, जिसमे ऑटोमैटिक मशीन द्वारा डिस्पोजल दोना पत्तल, प्लेट्स बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का अनुबंध पेशेवर प्रशिक्षण सहित संपर्क:- APS इंटरप्राइजेस, रायपुर- 9111760925, 9977676447, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, अंबिकापुर- 8827848099 (302)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 इन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाये।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें
- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप : भारत घरेलू मैदान पर ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिए तैयार

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी।

उन्नति हुड्डा और रक्षिता श्री जैसी अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी और एक मौजूदा और पूर्व जूनियर विश्व नंबर 1 खिलाड़ी सहित एक मजबूत लाइन-अप के साथ मेजबान भारत सोमवार से यहां नेशनल सेंटर में शुरू हो रही बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिए तैयार है।

बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप 17 साल के अंतराल के बाद भारत लौटी है और 6 से 19 अक्टूबर तक दो चरणों में खेली जाएगी। पहले चरण में 36 टीमें मिश्रित टीम चैंपियनशिप में प्रतिष्ठित सुहांदिनाता कप के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। उसके बाद आई-लेवल कप के लिए व्यक्तिगत चैंपियनशिप होंगी। भारत ने चैंपियनशिप के इतिहास में अब तक कुल 11 व्यक्तिगत पदक जीते हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2008 में पुणे में स्वर्ण और कांस्य पदक जीतने के रूप में रहा है। मौजूदा भारतीय दल में इस संख्या को पार करने और मिश्रित टीम पदक जीतने की क्षमता है, जिसका श्रेय टीम की मजबूती को जाता है और इसने मेजबान टीम को चैंपियनशिप में दूसरी वरीयता दिलाने में मदद की है।

### शानदार फॉर्म में इंडोनेशिया

*पदक के अन्य प्रमुख दावेदारों में 14 बार का चैंपियन चीन या बैडमिंटन की दिग्गज टीमें जापान, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड या ऐतिहासिक पदक के लिए गत चैंपियन इंडोनेशिया शामिल हैं। इंडोनेशिया शानदार फॉर्म में है क्योंकि उसने फरवरी में चीन को हराकर एशियाई मिश्रित टीम का खिताब भी जीता था, जबकि भारत क्वार्टर फाइनल में जापान को हराने के बेहद करीब था। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भारत की पदक की उम्मीद मुख्य रूप से लड़कियों के एकल वर्ग पर निर्भर करेगी, जिसमें एशियाई अंडर-19 चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता तन्वी शर्मा (जो जूनियर विश्व नंबर एक भी हैं), वेन्नाला के, चाइना ओपन क्वार्टर फाइनलिस्ट उन्नति और रक्षिता शामिल हैं।*

### दूसरी वरीयता प्राप्त भारत सोमवार को ग्रुप एच में नेपाल के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा



**भारत की उम्मीदें चौहान और दतू टीटी पर :** *बालकों के एकल वर्ग में भारत की उम्मीदें मुख्य रूप से जूनियर विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज रौनक चौहान और 17 वर्षीय ज्ञान दतू टीटी पर टिकी होंगी। भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू की लड़कों की युगल जोड़ी ने इस साल जनवरी में विश्व रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल किया था, इसलिए मेजबान टीम युगल स्पर्धाओं में भी खास प्रदर्शन की उम्मीद कर रही होगी। एनसीईं, गुवाहाटी में होने वाली चैंपियनशिप में दर्शकों के लिए मुफ्त प्रवेश है। टीम और व्यक्तिगत चैंपियनशिप के सेमीफाइनल और फाइनल का सीधा प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स चैनल पर किया जाएगा और शुरुआती राउंड से लेकर क्वार्टर फाइनल तक सभी 9 कोर्ट का सीधा प्रसारण बीएआई यूट्यूब पर किया जाएगा।*

### पदक का प्रबल दावेदार भारत

ग्रुप-एच में संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका और नेपाल के साथ, भारत इस ग्रुप में शीर्ष पर रहने और नए शुरू किए गए बेस्ट-ऑफ-थ्री सेट रिले-स्कोरिंग फॉर्मेट में पदक के लिए चुनौती पेश करने का प्रबल दावेदार है। इसमें प्रत्येक सेट में 45 अंकों की रेस होगी। बीएआई के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, बीएआई की ओर से गुवाहाटी में होने वाली जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप की तैयारी के लिए खिलाड़ियों को पर्याप्त प्रशिक्षण दिए जाने के कारण पिछले कुछ वर्षों से हम जूनियर स्पर्धाओं में काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बार भी हमें कई पदकों की उम्मीद है क्योंकि टीम के अधिकांश सदस्य पिछले एक साल से इसी स्थान पर प्रशिक्षण ले रहे हैं। भारत अपने अभियान की शुरुआत सोमवार को नेपाल के खिलाफ करेगा। उसके बाद मंगलवार को श्रीलंका और बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ मैच खेलेगा। भारत अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहने का प्रबल दावेदार है और इसके बाद नॉक-आउट चरण में भारत का सामना पूर्व चैंपियन दक्षिण कोरिया से हो सकता है। इसके ग्रुप जी में शीर्ष पर रहने की उम्मीद है, और उनके खिलाफ जीत मेजबान टीम को ऐतिहासिक पदक की गारंटी दे सकती है।

## खबर संक्षेप

### चेकमेट प्रतियोगिता में नाकामूरा से हारे गुकेश



**नई दिल्ली।** हिकारु नाकामूरा ने विश्व चैंपियन डी. गुकेश को हराया, जिससे अमेरिका के एर्लिंगटन में चल रही पहली चेकमेट प्रतियोगिता में मेजबान देश ने भारत को 5-0 से रौंद दिया। मैच के दौरान कई तनावपूर्ण मौके आए और दोनों टीम के खिलाड़ियों ने जीत के मौके बनाए लेकिन अमेरिका ने मौकों का फायदा उठाते हुए महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी को फाबियानो करुआना के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी।

### अंडर-17 फुटबॉल टीम जाएगी बीजिंग



**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-17 पुरुष टीम 8 और 10 अक्टूबर को चीन की अंडर-17 टीम के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलने के लिए बीजिंग जाएंगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने यह जानकारी दी। ये दोनों मैच खाली स्टेडियम में खेले जाएंगे। एक हफ्ते से कुछ अधिक समय पहले सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप जीतने वाली बिबियानो फर्नांडिज की भारतीय टीम गोवा में ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा ले रही है और छह अक्टूबर को चीन पहुंचेगी।

### शंघाई मास्टर्स : पेरीकार्ड को हराकर फ्रिट्ज ने किया उलटफेर

**शंघाई।** फ्रांस के जियोवानी म्पेत्शी पेरीकार्ड ने चौथी रैंकिंग के खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 7-5 से हराकर शंघाई मास्टर्स के चौथे दौर में प्रवेश किया। लंबे कद के पेरीकार्ड ने अमेरिका के खिलाड़ी के खिलाफ एक घंटे 25 मिनट में अपनी पहली जीत दर्ज की। पेरीकार्ड के सामने अंतिम 16 दौर में 10वें वरीय होल्गर रूने की चुनौती होगी। अन्य मैचों में रूने ने 21वें वरीय यूगो हम्बर्ट को 6-4, 6-4 से हराया जबकि जिजोयू बर्ग्स ने 19वें वरीय फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 7-6 , 6-3 से मात दी। डेविड गोफिन के पहले सेट के दौरान जल्दी रिटायर होने के कारण 31वें वरीय गेब्रियल डियालो को वॉकओवर मिल गया।

**टीम इंडिया दो मैचों में चार अंक लेकर अंकतालिका में शीर्ष पर**

## विमेंस वर्ल्ड कप : भारत ने पाकिस्तान को 88 रनों से हराया, क्रांति-दीप्ति ने झटके 3-3 विकेट

# भारत ने बरकरार रखा पाकिस्तान के खिलाफ अपना अजेय रिकॉर्ड, वनडे में लगातार 12वीं जीत

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान पर एक और एकतरफा जीत दर्ज कर अपने प्रभुत्व को फिर साबित कर दिया। कोलंबो के आर.प्रेमदासा स्टेडियम में हुए मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 88 रन से हराया और ये भारत की पाकिस्तान पर वनडे क्रिकेट में लगातार 12वीं जीत रही। वनडे क्रिकेट इतिहास में पाकिस्तान की टीम को कभी भारत के खिलाफ जीत नहीं मिली। इसके साथ ही टीम इंडिया दो मैचों में चार अंक लेकर अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। टॉस पाकिस्तान ने जीता और पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भारतीय टीम ने 50 ओवर में 247 रन बनाए और ऑलआउट हो गई।




### विश्व रिकॉर्ड बनाने से चूकी स्मृति

सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के पास रविवार को कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ मैच में विश्व रिकॉर्ड बनाने का मौका था। वह महज 12 रन से विश्व रिकॉर्ड बनाने से चूक गईं। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अगर स्मृति 35 रन बना लेतीं, तो महिला क्रिकेट इतिहास में वनडे में एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज बन जातीं। मंधाना यह मौका चूक गईं। वह 23 रन बनाकर आउट हो गईं। मंधाना 2025 में वनडे में 959 रन बना चुकी हैं। अगर वह पाकिस्तान के खिलाफ मैच में 12 रन और बना लेतीं तो उनका कुल स्कोर 971 रन हो जाता और वह महिला वनडे क्रिकेट के इतिहास में एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज बन जातीं।

### सिदरा अमीन ने अकेले लड़ी जंग

लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 43 ओवर में 159 रन बनाकर सिमट गई। सिदरा अमीन ने 81 रनों की शानदार पारी खेली, लेकिन उन्हें कोई खास सहयोग नहीं मिला। भारत की ओर से क्रांति गौड़ और दीप्ति शर्मा ने 3-3 विकेट लिए, जबकि स्नेह राणा को 2 विकेट मिले।

### विमेंस वनडे में पाकिस्तान पर भारत का अपराजेय रिकॉर्ड

यह भारत की पाकिस्तान के खिलाफ विमेंस वनडे में लगातार 12वीं जीत है। दोनों टीमों के बीच इस फॉर्मेट में अब तक 12 मुकाबले हुए हैं और सभी में भारत ने बाजी मारी है। वर्ल्ड कप में भी दोनों टीमें 5 बार आमने-सामने आ चुकी हैं और पांचों बार भारत विजेता रहा है।

### क्रांति गौड़ बनीं प्लेयर ऑफ द मैच

तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने सिर्फ 20 रन देकर 3 विकेट हासिल किए, जिनमें सदफ शमास (6), आलिया रियाज (2) और नतालिया परवेज (33) शामिल थीं।

### कप्तानों के बीच ठंडा व्यवहार

टॉस के बाद हरमनप्रीत कौर ने पाकिस्तानी कप्तान से हाथ नहीं मिलाया। दिलचस्प बात यह है कि हाल ही में पुरुष एशिया कप में भी भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा से हाथ मिलाने से इनकार किया था। उस टूर्नामेंट में भारत ने पीसीबी चीफ मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से भी मना कर दिया था।

### भारत की लगातार चौथे रविवार जीत

क्रिकेट में यह चौथा रविवार था जब भारत ने पाकिस्तान को शिकस्त दी। इससे पहले 14, 21 और 28 सितंबर को पुरुष एशिया कप के तीनों मुकाबलों में टीम इंडिया ने पाकिस्तान को हराया था।

### स्टेडियम में कीड़ों का आतंक, रोकना पड़ा मैच

कोलंबो के आर प्रेमादासा स्टेडियम में कीड़ों के आतंक के कारण मैच करीब 15 मिनट तक रोका गया। मैदानकर्मियों ने कीड़ों को भगाने के लिए स्प्रे का छिड़काव किया, जिसके बाद मैच दोबारा शुरू हुआ। हालांकि, ओवरों में किसी तरह की कटौती नहीं की गई। छिड़काव के कारण दोनों टीमों के सदस्यों से मैदान से बाहर जाने कहा गया।

### हरलीन और ऋचा ने निभाई अहम जिम्मेदारी

टीम इंडिया की तरफ से हरलीन देओल ने सबसे ज्यादा 46 रनों की पारी खेली तो वहीं डेथ ओवर्स में बल्लेबाजी करने उतरी ऋचा घोष ने 20 गेंदों में 35 रनों की नाबाद पारी खेलने के साथ टीम के स्कोर को 247 रनों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। टीम इंडिया को अब महिला वनडे वर्ल्ड कप में अपना अगला मुकाबला 9 अक्टूबर को साउथ अफ्रीका महिला टीम के खिलाफ खेलना है।

# कॉकरॉफ्ट ने जीता 19वां विश्व चैंपियनशिप गोल्ड

**1 मिनट 49.88 सेकेंड में रेस पूरी कर बनाया रिकॉर्ड**

**हन्ना 15 साल की उम्र से कर रही हैं व्हीलचेयर रेसिंग**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ब्रिटेन की मशहूर व्हीलचेयर रेसर हन्ना कॉकरॉफ्ट ने खेलों को शौक के तौर पर शुरू किया था लेकिन उन्होंने कभी रिकॉर्ड 19वां विश्व चैंपियनशिप खिताब जीतने के बारे में नहीं सोचा था, जिस उपलब्धि पर उन्हें गर्व है।

कॉकरॉफ्ट ने जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम में महिलाओं की 800 मीटर टी34 स्पर्धा में अपना 19वां विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने रिकॉर्ड एक मिनट 49.88 सेकेंड का समय निकाला। कॉकरॉफ्ट ने कहा, 'मुझे असल में तब तक पता नहीं था कि यह मेरा 19वां विश्व खिताब है जब तक कि किसी ने मुझे रेस के बाद नहीं बताया। लेकिन मैं पूरी तरह से उत्साहित हूं। शायद इस प्रदर्शन पर मुझे सबसे अधिक गर्व है।' उन्होंने कहा, 'मुझे 15 साल की उम्र में व्हीलचेयर रेसिंग में हाथ आजमाने का मौका मिला था। मुझे यह बहुत पसंद आया और मैं इसे शौक के तौर पर करना चाहती थी।'



### प्रतिस्पर्धा होती जा रही है कठिन

कॉकरॉफ्ट ने कहा, 'मुझे यह बहुत पसंद है। मुझे आजादी पसंद है, मुझे गति पसंद है, मुझे दर्शकों की भीड़ और समर्थन पसंद है, चुनौती पसंद है और मुझे यह पता लगाना अच्छा लगता है कि मैं कितना तेज दौड़ सकती हूं। मुझे अपना खेल खेलना बहुत पसंद है।' लेकिन कॉकरॉफ्ट ने स्वीकार किया कि हर गुजरते साल के साथ प्रतिस्पर्धा कठिन होती जा रही है। उन्होंने कहा, 'यह निश्चित रूप से हर साल कठिन होता जा रहा है और हमेशा नई लड़कियां चुनौती पेश करने आती रहती हैं। लड़कियां तेज होती जा रही हैं इसलिए मुझे तेज दौड़ने के नए तरीके खोजने होंगे।' कॉकरॉफ्ट का 800 मीटर में प्रदर्शन विशेष रूप से संतोषजनक रहा क्योंकि इसे वह कभी अपनी सबसे कमजोर कड़ी मानती थीं।

### नौ पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीते

कॉकरॉफ्ट ने कहा, 'फिर मुझे 18 साल की उम्र में मेरी पहली विश्व चैंपियनशिप के लिए चुना गया और मैं बस अनुभव के लिए गई और फिर यही मेरा काम बन गया।' मौजूदा विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीतने के दौरान दो चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाने वाली कॉकरॉफ्ट 2011 में न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च में विश्व चैंपियनशिप में पदार्पण के बाद से कोई बड़ा फाइनल नहीं हारी हैं। उन्होंने चार पैरालंपिक खेलों में भाग लिया है और नौ पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीते।

# अनीसीमोवा ने जीता चाइना ओपन का खिताब, विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर

एजेंसी ▶▶| बीजिंग



अमेरिका की अमांडा अनीसीमोवा ने चाइना ओपन के फाइनल में लिंडा नोस्कोवा को 6-0, 2-6, 6-2 से हराकर इस हार्ड कोर्ट इंडोर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया।

सेमीफाइनल में हमवतन कोको गॉफ को शिकस्त देने वाली अनीसीमोवा ने शानदार बैकहैंड विनर के साथ मैच खत्म किया। यह चाइना ओपन में उनका पहला खिताब है। बीस साल की नोस्कोवा ने तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी लेकिन एक घंटे 46 मिनट तक चले मुकाबले के आखिरी क्षणों में उन पर थकान हावी हो गई। अनीसीमोवा इस साल यूएस ओपन और विंबलडन दोनों की उपविजेता रही हैं और अब वह विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। यह इस सत्र में उनका दूसरा डब्ल्यूटीए 1000 खिताब है। नोस्कोवा 2009 में डब्ल्यूटीए 1000 प्रारुप की शुरुआत के बाद से फाइनल में पहुंचने वाली चेक गणराज्य की सबसे युवा खिलाड़ी है।

# वालीशेट्टी ने जीता अपना पहला बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 खिताब



**अल ऐन (यूएई)।** भारत की युवा शटलर श्रेयांशी वालीशेट्टी ने तीन गेम तक चले रोमांचक फाइनल में हमवतन तस्नीम मीर को हराकर 120,000 डॉलर इनामी राशि के अल ऐन मास्टर्स में महिला एकल वर्ग का अपना पहला बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 खिताब जीता। पुलेला गोपीचंद अकादमी में ट्रेनिंग लेने वाली तेलंगाना की 18 वर्षीय खिलाड़ी श्रेयांशी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद शानदार संयम दिखाया और 49 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले में 15-21, 22-20, 21-7 से जीत हासिल की। शुरुआती गेम में श्रेयांशी ने चार अंक की बढ़त गंवा दी जबकि तस्नीम ने 14-9 की बढ़त हासिल करने के बाद पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम कांटे की टक्कर में बदल गया। श्रेयांशी ने 1-4 से वापसी करते हुए 17-14 की बढ़त बना ली। तस्नीम ने मुकाबले में बने रहने के लिए कड़ी मेहनत की, लेकिन श्रेयांशी ने अपना धैर्य बनाए रखा और मुकाबले को निर्णायक गेम तक ले गईं। इसी लय को जारी रखते हुए श्रेयांशी ने तीसरे गेम में बढ़त बना ली। तस्नीम ने कुछ देर के लिए 6-5 की बढ़त बना ली थी लेकिन इसके बाद वह पिछड़ गईं ।

# रजत की टीम को हराकर विदर्भ तीसरी बार जीता ईरानी कप का खिताब

एजेंसी ▶▶| नागपुर

यश ढुल की 92 रन की शानदार पारी के बावजूद शेष भारत की टीम को ईरानी कप फाइनल में विदर्भ से रविवार को मैच के पांचवें दिन 93 रन की हार का सामना करना पड़ा।

बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे (73 रन पर चार विकेट) और तेज गेंदबाज यश ठाकुर (47 रन पर दो विकेट) की अगुवाई में विदर्भ के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत के लिए 361 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही शेष भारत की पारी को दिन के दूसरे सत्र में 267 रन पर समेट दिया। दुबे और ठाकुर दोनों ने इस मैच में छह-छह विकेट चटकाकर विदर्भ को तीसरी बार ईरानी कप का चैंपियन बनाया। तायडे को पहली पारी में 143 रन बनाने और ढुल का शानदार कैच लपकने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।



**तायडे और ढुल चुना गया मैन ऑफ द मैच**

### ठाकुर और ढुल के बीच मैदान में हुई तनातनी

शेष भारत ने मैच के आखिरी दिन दो विकेट पर 30 रन से आगे खेलते हुए 133 रन तक छह विकेट गंवा दिए। ढुल ने इसके बाद मानव सुथार (56) के साथ 104 रन की साझेदारी कर टीम की उम्मीदें जगा दी। ठाकुर ने हालांकि ढुल को पवेलियन की राह दिखाकर मैच में विदर्भ का पूरी तरह से दबदबा कायम कर दिया। ढुल के आक्रामक शॉट पर डीप थर्ड मैन की दिशा में अथर्व तायडे ने शानदार कैच लपका। ठाकुर ने इसके बाद ढुल को बाहर जाने का इशारा किया, जिससे दोनों खिलाड़ियों के बीच मैदान में तनातनी देखने को मिली। दोनों अंपायर और विदर्भ के क्षेत्ररक्षकों ने बीच में आकर स्थिति को शांत करने की कोशिश की। मैच रैफरी दोनों पर किसी तरह का जुर्माना लगा सकते हैं।

# इंग्लिश प्रीमियर लीग: चेल्सी ने लीवरपूल को 2-1 से हराया

एजेंसी ▶▶| लंदन



ब्राजील के एस्टेवाओ के इंजरी टाइम में दागे गोल की बदौलत चेल्सी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में लीवरपूल को 2-1 से हरा दिया, जो गत चैंपियन टीम की लगातार तीसरी हार है। एस्टेवाओ के गोल के बाद जरुरत से अधिक जश्न मनाने के लिए चेल्सी के कोच एंजो मारेस्को को लाल कार्ड दिखाया गया। इस हार के साथ तय हो गया कि लीवरपूल की टीम अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के दौरान अंक तालिका में शीर्ष पर नहीं होगी। आर्सेनल ने वेस्टहैम को 2-0 से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर लीवरपूल पर एक अंक की बढ़त बना ली है। मैनचेस्टर यूनाईअेड ने भी सदरलैंड के खिलाफ महत्वपूर्ण जीत हासिल की। टोटेनहैम ने लीड्स को 2-1 से हराया और अब टीम अर्सेनल और लीवरपूल के बाद तीसरे स्थान पर है।

# ला लीगा टूर्नामेंट: विलारीयाल को हराकर शीर्ष पर रीयाल मैड्रिड




एजेंसी ▶▶| मैड्रिड।

विनिसियस जूनियर ने दो गोल दागे जबकि चोटिल होने से पहले काइलियान एमबाप्पे ने भी एक गोल किया, जिससे रीयाल मैड्रिड तीसरे स्थान पर चल रहे विलारीयाल को 3-1 से हराकर ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में शीर्ष पर पहुंच गया। फ्रांस के एमबाप्पे 81वें मिनट में गोल करने के कुछ देर बाद अपना दायां टखना पकड़कर बैठ गए और इसके बाद उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। विनिसियस ने 47वें और 69वें मिनट में गोल किए। इस जीत से मैड्रिड ने गत चैंपियन बार्सीलोना को पछाड़कर अंक तालिका के शीर्ष पर दो अंक की बढ़त बना ली है। बार्सीलोना के पास हालांकि सेविला को हराकर फिर शीर्ष पर पहुंचने का मौका होगा। खराब फॉर्म से जूझ रहे गिरोना ने वेलेंसिया को 2-1 से हराकर महत्वपूर्ण अंक हासिल किए जबकि एथलेटिक बिलबाओ ने मालोर्का को 2-1 से शिकस्त दी।लेवांते ने ओविएडो को 2-0 से हराया।

# सिरी ए टूर्नामेंट : क्रेमोनेस पर इंटर मिलान की एकतरफा जीत

एजेंसी ▶▶| मिलान




लॉटेरो मार्टिन के गोल से इंटर मिलान ने सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में क्रेमोनेस को एकतरफा मुकाबले में 4-1 से हरा दिया। इस जीत से इंटर मिलान, एसी मिलान, गत चैंपियन नेपोली और रोमा के समान 12 अंक हो गए हैं। इंटर मिलान की सभी प्रतियोगिताओं में यह लगातार पांचवीं जीत है। मार्टिनेज इंटर मिलान की ओर से सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों के सूची में शीर्ष पांच में पहुंच गए हैं। उनके नाम इंटर मिलान की ओर से सभी प्रतियोगिताओं में 158 गोल हैं। वह और लुइगी कुवेनिनी टीम की ओर से सर्वाधिक गोल दागने वाले खिलाड़ियों की सूची में पांचवें स्थान पर हैं। ग्युसेप मीजा 284 गोल से इंटर मिलान के सबसे सफल खिलाड़ी हैं। उनके बाद एलेसांद्रो एल्बोवेली (209), रॉबर्टो बोनिनसेगना (171) और सांद्रो मेजोला (161) का नंबर आता है। अन्य मुकाबलों में कोमो और अटलांटा का मैच 1-1 से बराबर रहा जबकि लाजियो और टोरिनो ने भी 3-3 से ड्रॉ खेला। लीस ने पार्मा को 1-0 से हराया।

# वैज्ञानिकों ने खोज लिया सौरमंडल का 9वां ग्रह! स्टडी में छिपी हुई रहस्यमय दुनिया के दिखे नए सुराग


वॉशिंगटन। खगोलविदों के लिए सौरमंडल का अध्ययन हमेशा से दिलचस्पी भरा विषय रहा है। हाल ही में इसके अध्ययन में ऐसे संकेत मिले हैं, जो ग्रहों के बारे में हमारे अब तक की जानकारी को पूरी तरह से बदल सकते हैं। नया अध्ययन में वैज्ञानिकों को एक एक नए ग्रह का संकेत मिला है, जिसे वाई नाम दिया गया है। हालांकि, अभी इस ग्रह का पता नहीं लगाया गया है, बल्कि कुइपर बेल्ट में कुछ दूरस्थ पिंडों की झुकी हुई कक्षाओं से इसका अनुमान लगाया गया है। शोधकर्ताओं को नेपचन्यून की कक्षा से परे बर्फीले पिंडों का एक बड़ा घेरा मिला है, जिसके बारे में उनका कहना है कि कोई चीज इन कक्षाओं को विचलित कर रही है और उन्हें झुका रही होगी।

### बाहरी भाग में लगा रहा चक्कर

प्रिंसटन विश्वविद्यालय में खगोल भौतिकी विभाग में डॉक्टरेट के उम्मीदवार और खगोल भौतिकीविद और स्टडी के प्रमुख लेखक अमीर सिराज ने बताया कि एक अदृश्य ग्रह की उपस्थिति है, जो संभवतः पृथ्वी से छोटा और बुध से बड़ा है। यह सौरमंडल के बाहरी भाग में परिक्रमा कर रहा है। हालांकि, यह शोध पत्र किसी ग्रह की खोज नहीं है, लेकिन यह निश्चित रूप से एक ऐसी पहेली की खोज है, जिसका एक संभावित समाधान हो सकता है।



### कुइपर बेल्ट में छिपे होने के संकेत



वैज्ञानिकों ने हाल के वर्षों में सौरमंडल में कई ग्रहों का अनुमान लगाया है, इनमें प्लैनेट वाई सबसे नया है। इन सभी ग्रहों की विशेषताएं थोड़ी भिन्न हैं, लेकिन सामूहिक रूप से माना जाता है कि ये कुइपर बेल्ट में छिपे हुए हैं। इसी बेल्ट में प्लूटो मौजूद है, जिसे कभी 9वें ग्रह का दर्जा हासिल था, लेकिन 2026 में उसे हटाकर बौने ग्रह के रूप में पुनर्वर्गीकृत किया गया था। कुइपर बेल्ट सौरमंडल का एक अंधेरे में डूबा दूरस्थ क्षेत्र है, जहां अध्ययन करना कठिन है। लेकिन, अब इस तरह की मुश्किलों के दूर होने की संभावना है, क्योंकि वेरा सी रुबिन ऑब्जर्वेटरी नामक नई दूरबीन रात में आकाश का अपना 10 वर्षीय सर्वेक्षण शुरू करने की तैयारी कर रही है।

### रात में ही होता है किन्नरों का अंतिम संस्कार

**नई दिल्ली।** किन्नरों की मौत के बाद उनके अंतिम संस्कार को गोपनीय रखा जाता है, ताकि कोई गैर-किन्नर उसे देख न सके। इसलिए अक्सर रात में ही उनकी अंतिम यात्रा निकाली जाती है। ऐसा माना जाता है कि अगर किसी किन्नर के अंतिम संस्कार को आम इंसान देख ले, तो मरने वाले का जन्म फिर से किन्नर के रूप में ही होगा। शवयात्रा के दौरान भी किन्नरों की डेड बॉडी को चार कंधों पर लिटाकर ले जाने की जगह शव को खड़ा करके अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जाता है। उनके शव को सफेद कपड़े में लपेट दिया जाता है, जिसका मतलब होता है कि मृतक का अब इस शरीर और इस दुनिया से कोई नाता नहीं रहा।

### इस पेड़ के फल से तैयार होता है प्राकृतिक सिंदूर

**गिरिडीह।** सिंदूर का पेड़ बहुत ही मुश्किलों से होता है। इसके लिए अलग तरह की मिट्टी और वातावरण की जरूरत होती है। सिंदूर के पेड़ में फल पूरे साल नहीं, बल्कि बरसात के बाद उसके फल आते हैं। हालांकि, शुरुआत में इसका फल हरे रंग का होता है। जो बाद में पकने के बाद लाल हो जाता है।

# वायरस बचाएगा इंसान की जान! क्या है वैज्ञानिकों की 100 साल पुरानी फेज थैरेपी

**नई दिल्ली।** 100 साल से भी पहले इस्तेमाल किया गया एक इलाज आज एंटीबायोटिक प्रतिरोध के बढ़ते खतरे को खत्म कर सकता है। इस इलाज को फेज थेरेपी कहा जाता है। इसमें खतरनाक बैक्टीरिया को मारने के लिए बैक्टीरियोफेज नाम के वायरस का इस्तेमाल होता है। यह थेरेपी 1920 के दशक में बहुत इस्तेमाल होती थी जब तक कि एंटीबायोटिक्स इलाज का मुख्य तरीका नहीं बन गए थे। लेकिन, अब बैक्टीरिया खुद को बदलकर पुरानी एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति असरहीन होते जा रहे हैं, इसलिए वैज्ञानिक अब इस पुरानी तकनीक पर फिर से और नए जोश के साथ विचार कर रहे हैं।

### किसने की ये रिसर्च?

जेरूसलम के हिब्रू यूनिवर्सिटी और मेलबर्न विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने हाल ही में एक रिसर्च की है। सेल रिपोर्ट्स नाम की पत्रिका में छपे इन नजीतों से पता चलता है कि भविष्य के इलाज में फेज थेरेपी एक अहम भूमिका निभा सकती है। इस इलाज में उम्मीदें होने के बावजूद कुछ चुनौतियां भी हैं।



### अध्ययन में क्या सामने आया?

वैज्ञानिकों ने बैसिलस सबटिलिस नाम के बैक्टीरिया और उसे निशाना बनाने वाले कई फेजों का बहुत ध्यान से अध्ययन किया। उन्हें पता चला कि **YjbH** नाम का एक प्रोटीन जो कई बैक्टीरिया में होता है फेज के हमलों से बैक्टीरिया को बचाने में बहुत जरूरी काम करता है। वैज्ञानिक घोषाल का कहना है, हमें उम्मीद है कि फेज थेरेपी को फिर से शुरू करके हम बिना एंटीबायोटिक वाले इलाज में मदद कर सकते हैं।

### फेज थेरेपी क्या होता है?

शोधकर्ताओं का मानना है कि अगर इस पर और ज्यादा रिसर्च और काम किया जाए तो फेज थेरेपी आधुनिक चिकित्सा की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक से लड़ने के लिए एक बहुत जरूरी हथियार बन सकता है। मेलबर्न विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक देबनाथ घोषाल लिखते हैं कि, 'जब हम फेज और बैक्टीरिया के बीच चल रही लड़ाई को समझेंगे तो इससे न केवल यह पता चलेगा कि बैक्टीरिया अपनी रक्षा कैसे करते हैं, बल्कि यह अगली पीढ़ी के इलाज के रास्ते भी खोल देगा'।










Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of Splendor+ and Destini 125 in Chattisgarh.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलर: बिलासपुर: सत्या हीरो 9289922464, गैलेक्सी हीरो 9289922706, अंबिकापुर: आनंद हीरो 9289922359, सरगुजा हीरो 9289923110, कोरबा: शांति हीरो 9289922813, छत्तीसगढ़ हीरो 9289923057, रायगढ़: गोयल हीरो 9289922373, आदित्य हीरो 9289923091, जांजगीर: आनंद हीरो 9289922772, बैकुंठपुर: आर.के. हीरो 9289922812, जशपुर: आकाश हीरो 9289922909, एसोशिएट डीलर: खड़गांव: बंसल ऑटो एजेंसी 7000103415, चौरा: ओम ऑटो एजेंसी: 7000316070, सरिया: अग्रवाल ऑटो सेण्टर 9993121909, गौरेला: श्री माँ नर्मदा मोटर्स 7587796622 / 7587796611, सनावल: सोनी ऑटोमोबाइल्स 9479235816, रतनपुर: माँ महामाया मोटर्स 9754240437 / 8839972027, बलोदा: श्री कमला ऑटो 9926515216, मरवाही: राहुल ऑटोमोबाइल्स 8889467369 / 8719087320, मुंगेली: महावीर मोटर्स 9993855199, मनेन्द्रगढ़: विवेक ट्रेडर्स 6261178785, कटघोरा: श्री शारदा एंटरप्राइज 9809809925, शिवरीनारायण: सुल्तानिया ऑटो केयर 9407600319, सक्ती: गोयल ऑटो 9303571001, 7000490324, खरसिया: विजय ऑटो एजेंसी 9993093829, सीतापुर: श्रीराम हीरो, 7000043001, पत्थलगांव: ज्योति ऑटो 9406399000, सारंगढ़: गोपाल ऑटो सेंटर 9827893203, सूरजपुर: आशा ऑटोमोबाईल्स 9826440096, अकलतरा: श्री ऑटो 9424174274, कोटा: उर्मिला मोटर्स 9340252857, श्री पुष्कर मोटर्स: 6268000180 / 8718888789, रामानुजगंज: प्रीति ऑटोमोबाईल 8827674000, बाराद्वार: दुर्गा ऑटो एजेंसी 8319982160, उदयपुर: बंसत ऑटोमोबाईल्स 9406022927, तपकरा: प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 7354334545/7999851514, प्रतापपुर: तायल ऑटोमोबाईल्स 9617218005, पटना: आयुश ऑटोमोबाईल्स 8839141926, पाली: आनंद ऑटोमोबाईल 7089519999, राजपुर: महामाया एजेंसी, 9516209272 / 9340726288, मदनपुर: ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सीपत: मेसर्स गणेश मोटर्स, 9993194005, महापाली: साहू ऑटोमोबाईल्स, 7746028455, लखनपुर: पीएन ऑटोमोबाइल्स, 8839193005, बटौली: इच्छा ऑटोमोबाइल्स, 8770232677, कुसमी: बोल्बम ऑटो, 8120191597, विश्रामपुर: खुशी ऑटोमोबाइल, 9826775718, झरगांव: ऐबानी मोटर्स, 7849000000, रामानुजनगर: जयसवाल ऑटो, 9926015773, बलंगी: नमो ऑटोमोबाइल्स, 9977876863, भैयाथान: आनंद ऑटोमोबाइल्स, 9977221111, प्रेमनगर: मानस ऑटोमोबाइल्स, 9131301594, लोरमी: महेश मोटर्स, 7974700929, खैरागढ़: पुष्पक बिक्री, 9425554343, भानपुरी: अपराशा ऑटोमोबाइल्स, 9981009491, ऐडिशनल वर्कशॉप: अम्बिकापुर: आनंद ऑटोमोबाईल्स, देवीगंज 7771008601/9289922359, जेन्युइन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: ओरियन ऑटोव्हील्स 07752-252088, अधिकृत सिटी वर्कस्: उरगा: बालाजी सर्विस स्टेशन 279600, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: बिलासपुर (सकरी) सत्या सर्विसेज, 9111107951, गैलेक्सी हीरो (जगमल चौक) 8085152612, चम्पा: आनंद हीरो 7909901444, कोरबा: शांति हीरो, 7440299000 Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) बिलासपुर: सत्या हीरो 9289922464, खड़गांव: बंसल ऑटो एजेंसी 7000103415.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com